राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com





# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 123, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 18 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


**मुख्य अपडेट**


छठ पूजा के लिए तत्काल यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़े हरियाणा सरकार: दयानंद वत्स भारतीय .... पेज 03

सात करोड़ से संवरेंगी पुलिसकर्मियों की आवासीय सुविधायें, धनराशि जारी .... पेज 05

फाइनल में इजरायल भारत के संबंधों को प्रदर्शित करने वाली जर्सी पर मिलेगा पुरस्कार .... पेज 07


## एक दिन कांग्रेस-भाजपा को पीछे छोड़ देश में आम आदमी पार्टी का राज होगा : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी(आप) जिस तेजी से देश भर में आगे बढ़ रही है एक दिन कांग्रेस-भाजपा को भी पीछे छोड़ देगी और देश पर ''आप'' का राज होगा।

केजरीवाल ने यहाँ शुक्रवार को पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि आप जिस तेजी से देश भर में आगे बढ़ रही है, इसे देखकर उनका दिल कहता है कि एक दिन कांग्रेस-भाजपा को भी पीछे छोड़ देगी और देश पर ''आप'' का राज होगा।'आप'' को इतनी तेजी से बढ़ता देखकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने फर्जी शराब घोटाले का षड्यंत्र रचा है। वह पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर 'आप' को अव्यवस्थित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट में शराब घोटाले की सुनवाई हुई। जज बार-बार सीबीआई वालों से पूछ रहे हैं कि घोटाले का कोई एक सबूत तो दे दो। ईडी-सीबीआई के पास कोई भी सबूत नहीं है। इन लोगों ने एक फर्जी शराब घोटाला बनाकर मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, विजय नायर को गिरफ्तार कर लिया और अब उन्हें गिरफ्तार करने जा रहे हैं। इनका एकमात्र लक्ष्य आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार करके पार्टी और सरकार को तीतर-बितर कर दिया जाएगा। इस तरह की साजिश करके नरेंद्र मोदी दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे में दो एनकाउंटर, 6 आतंकी ढेर

**कुलगाम में लश्कर के पांच और राजौरी में एक आतंकी मारा गया**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे के अंदर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो एनकाउंटर हुए, जिसमें 6 आतंकी मारे गए। पहला एनकाउंटर कुलगाम में 16 नवंबर की शाम से शुरू हुआ। इसमें पांच आतंकी मारे गए। दूसरा एनकाउंटर राजौरी में हुआ, इसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया।

16 नवंबर की शाम कुलगाम के सामनू इलाके सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।ऑपरेशन में सेना की 34वीं राष्ट्रीय राइफल्स, 9 पैरा (एलीट स्पेशल फोर्स यूनिट), CRPF और राज्य पुलिस शामिल थी।

कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक, एनकाउंटर गुरुवार शाम साढ़े 4 बजे से शुरू हुआ था। देर रात अंधेरे की वजह से इसे रोक दिया गया, लेकिन सुबह होते ही एक बार फिर फायरिंग शुरू हो गई। पांचों आतंकी जिस घर में छिपे हुए थे, क्रॉस फायरिंग के दौरान उसमें आग लग गई। आतंकियों की बॉडी ड्रोन



कैमरा के जरिए देखी गई है।

### कुलगाम में मारे गए पांचों आतंकी स्थानीय

कुलगाम में मारे गए आतंकियों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इसमें 4 एके47 राइफलें, 10 एके-47 मैगजीन, 2 पिस्तौल, 3 पिस्टल मैगजीन, 4 ग्रेनेड और बारूद पाउच शामिल हैं। ये सभी जम्मू-कश्मीर के ही रहने वाले थे।

### टारगेट किलिंग में भी शामिल

साउथ कश्मीर के डीआईजी रईस मोहम्मद भट ने कहा कि मारे गए आतंकवादी समीर फारूक और दानिश हमीद छोटीगाम शोपियां के कश्मीरी पंडित सोनू भट पर हमले में शामिल थे। इसके अलावा दानिश ने याकूब शाह के साथ मिलकर 13 जुलाई को शोपियां में बाहरी मजदूरों पर हमला किया था, जिसमें 3 लोग घायल हो गए थे।

इसके अलावा मारा गया आतंकवादी फारूक शेख स्थानीय लोगों को उग्रवाद में शामिल होने के लिए उकसाने और लालच देने के अलावा अल्पसंख्यक धरना स्थलों पर हमला करने में शामिल था।

### अक्टूबर में पुलिस इंस्पेक्टर को गोली मारकर हत्या

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पिछले महीने ईदगाह इलाके में एक आतंकी ने पुलिस इंस्पेक्टर को तीन गोलियां मारी थीं। गोलियां उनके पेट, गर्दन और आंख में लगी थीं। इंस्पेक्टर की पहचान मसरूर अली वानी के रूप में हुई थी।

मसरूर येचिपोरा ईदगाह इलाके के रहने वाले हैं। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन ञ्जक्रस्न ने ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमला उस समय हुआ, जब मसरूर वानी स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे।

### सितंबर में 3 अफसर, 2 जवान शहीद हुए थे

जम्मू-कश्मीर में 13 सितंबर को आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ों में 3 अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। शहीद अफसरों में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक ष्ठस्क्क शामिल थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। एक जवान की मौत राजौरी में हुई। इस दौरान दो आतंकी भी मारे गए। यहां सर्चिंग के दौरान मंगलवार को सेना के डॉग की भी मौत हो गई। उसने अपने हैंडलर की जान बचाने के लिए खुद की जिंदगी दांव पर लगा दी।

# हरियाणा : नूंह में महिलाओं पर पथराव, 9 घायल

**कुआं पूजन कर लौट रही थी, बोलीं- मस्जिद से फेंके पत्थर, बाजार खुला; 3 नाबालिग राउंडअप**

नूंह। हरियाणा के नूंह में एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हैं। गुरुवार की रात लड़का होने की खुशी में कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं पर पथराव हुआ। आरोप है कि शहर की बड़ी मस्जिद-मदरसे से कुछ शरारती तत्वों ने पत्थर फेंके। पथराव में 9 महिलाओं को चोटें आई।



वहीं हालात की गंभीरता को देखते हुए इलाके में पुलिस फोर्स तैनात की गई। नूंह स्क्क नरेंद्र बिजारनिया ने कहा कि मदरसे के अंदर सीसीटीवी फुटेज के जरिए 3 लड़के सामने आए हैं। जिनकी पहचान की गई है। तीनों को राउंडअप किया गया है। इन्हीं कोर्ट में पेश किया जाएगा। लड़के नाबालिग हैं। इसने पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 8 महिलाओं ने एमएलआर कटवाई है। एससी-एसटी एक्ट सहित कई धराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए हैं। जुम्मे की नमाज के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

स्थिति सामान्य बनी रहे इसके लिए नई धर्मशाला में मीटिंग हुई। मीटिंग में नूंह से पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है।

दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ये बहुत निंदनीय घटना है। सदियों से चले आ रहे मेवात की 36 बिरादरी के भाईचारे को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने भी आश्वासन दिया कि मामले की जांच करके दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद बाजार खोलने का निर्णय लिया।

# छत्तीसगढ़ में लगभग 70.12 प्रतिशत मतदान

**नक्सली हमले में एक जवान शहीद**

रायपुर । छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक लगभग 70.12 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। इस दौरान गरियाबंद जिले में नक्सलियों के मतदान कराकर लौट रहे मतदान दल को लक्ष्य रख किए विस्फोट में केन्द्रीय अर्द्ध सैन्य बल का एक जवान शहीद हो गया।

इस आखिरी चरण में जिन प्रमुख लोगो का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें उनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (पाटन),उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव(अम्बिकापुर),विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत(सक्ती),भाजपा के प्रदेश अरूण साव (लोरमी),जनता कांग्रेस की अध्यक्ष डा.रेणु जोगी(कोटा),केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह(भरतपुर सोनहत) ,पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद विष्णुदेव साय(कुनकुरी) और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल (जांजगीर)मुख्य है।



इसके अलावा भूपेश सरकार में मंत्री रविन्द्र चौबे(साजा)गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू(दुर्ग ग्रामीण)मंत्री अमरजीत भगत (सीतापुर)मंत्री उमेश पटेल(खरसिया)भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल(रायपुर दक्षिण)पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय(भिलाई नगर)पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल (बिलासपुर)एवं पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर (कुरूद) का भी राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया।

इस चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं,जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। कांग्रेस एवं भाजपा के अलावा जनता कांग्रेस,आम आदमी पार्टी,कम्युनिस्ट पार्टी,बहुजन समाज पार्टी समेत कई दलों के उम्मीदवार भी इनमें शामिल है।

राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने देर् शाम पत्रकारों को बताया कि शाम पांच बजे तक कोरबा जिले में 72 प्रतिशत,कोरिया में 74 ,गरियाबंद में 71,पेन्ड्रा मरवाही में 71,जशपुर में 71,जांजगीर में 66,दुर्ग में 65,धमतरी में 80,बलरामपुर में 68,बलौदा बाजार में 71,बालोद में 78,बिलासपुर में 61,बेमेतरा में 73,मनेन्द्रगढ़ में 69,महासमुन्द में 70,मुंगेली में 65,रायगढ़ में 75,रायपुर में 59,सक्ती में 64,सरगुजा में 68,सारंगढ़ में 73 एवं सूरजपुर में लगभग 66 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होने कहा कि इस आकंडे में डाक मत्रपत्रों की संख्या शामिल नही है। यह अनुमानित प्रतिशत हैं अन्तिम आकंडे देर रात तक मतदान दलों के लौटने के बाद ही पता चलेगा। उन्होने उम्मीद जताई कि अन्तिम आकंडे आने के बाद मतदान प्रतिशत में अभी और इजाफा होगा। वर्ष 2018 में इन सीटों पर 76.62 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# केरल ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या 6 हुई

एर्नाकुलम। केरल के एर्नाकुलम में 29 अक्टूबर को ईसाई प्रार्थना सभा में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई। घटना के वक्त दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि 50 घायल हुए थे।

बाद में 30 अक्टूबर, 6 नवंबर, 11 नवंबर और 16 नवंबर को चार और लोगों की इलाज के दौरान जान चली गई। पुलिस ने इस ब्लास्ट के आरोपी डोमिनिक मार्टिन को गिरफ्तार कर युएपीए केस दर्ज किया है।

कोर्ट ने आरोपी मार्टिन को 29 नवंबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में 54 केस दर्ज किए हैं। सबसे अधिक 26 मामले मलप्पुरम जिले में दर्ज किए गए, इसके बाद एर्नाकुलम में 15 और तिरुवनंतपुरम में पांच मामले दर्ज हुए।

ब्लास्ट के आरोपी मार्टिन ने घटना वाले दिन ही पुलिस स्टेशन जाकर सरेंडर कर दिया था। पुलिस पूछताछ में मार्टिन ने कई खुलासे किए थे। उसने बताया कि, वह सोशल मीडिया से बम बनाना सीख रहा था। थमन्नन में जहां वो किराए से रहता है, उस घर की छत पर बम का ट्रायल भी कर चुका था।

आरोपी ने कबूलनामे में बताया कि उसने बम कोच्चि से बाहर अलूवा स्थित अपने पुश्तैनी घर में बनाए थे। रविवार सुबह 7 बजे वो बम प्रार्थना स्थल पर रख आया था।


# आरक्षण बिल पर राज्यपाल ने लगाई मुहर

**गजट प्रकाशन के साथ ही राज्य में होगा लागू, 60 से 75 फीसदी हुआ आरक्षण का दायरा**

**पटना।** राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने बिहार में नए आरक्षण बिल को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद बिहार में एससी-एसटी ईबीसी और ओबीसी के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग शुक्रवार देर शाम तक इसको लेकर गजट प्रकाशन करेगा। गजट प्रकाशित होते ही लागू हो जाएगा। बता दें कि शीतकालीन सत्र में ही नए आरक्षण बिल को पास किया गया है।

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन पिछले गुरुवार (9 नवंबर) को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश हुआ था, जिसे दोनों सदन सर्व सम्मति से पास किया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75



प्रतिशत करने का प्रावधान है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। दिल्ली से आते ही राज्यपाल आर्लेकर ने रिजर्वेशन बिल-2023 पर मुहर लगा दी है।

### विधानमंडल से नए बिल 9 नवंबर को पास कराया गया

सीएम नीतीश कुमार ने 7 नवंबर को विधानसभा में इसकी घोषणा की थी कि सरकार बिहार में आरक्षण के दायरे को बढ़ाएगी। 50 फीसदी से इसे 65 या उससे ऊपर ले जाएंगे। कुल आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करेगी।

### नए प्रावधान में कितना बदला आरक्षण

नए प्रावधान के बाद अनुसूचित जाति को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत, अति पिछड़ा जाति को 25 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिल सकेगा। वही केंद्र की सामान्य वर्ग वाले लोगो को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पहले की तरह 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा।

# मप्र में सभी 230 सीटों पर लगभग 72 प्रतिशत मतदान

**लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं ने डाले वोट**



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से कम से कम 72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान प्राय-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया और इस तरह 2533 उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गयी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 75.63 प्रतिशत और वर्ष 2013 के चुनाव में 72.69 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। मतों की गिनती का कार्य तीन दिसंबर को होगा। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में हुआ है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी 230 क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे प्रारंभ हुआ। शाम छह बजे तक 11 घंटों के दौरान औसतन कम से कम 72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान प्रतिशत का वास्तविक आकड़ा आने में अभी कुछ और वक्त लगेगा और निश्चित तौर पर इसमें वृद्धि होगी। यूनीवार्ता को विभिन्न अंचलों से मिली सूचनाओं के अनुसार शाम को मतदान समाप्ति के पहले अनेक मतदान केंद्रों पर भी लंबी कतारें देखी गयीं।

**आरक्षण** | **हाईकोर्ट ने सरकारी एक्ट को असंवैधानिक बताया, कहा- ये बेहद खतरनाक**

# हरियाणा के लोगों को प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत आरक्षण खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के स्थानीय लोगों को प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान को खारिज कर दिया है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम-2020 को असंवैधानिक ठहरा दिया। हाईकोर्ट ने कहा- राज्य सरकार का ये एक्ट अत्यंत खतरनाक और संविधान के भाग-3 का उल्लंघन है।

हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुआई वाली BJP-JJP सरकार ने साल 2020 में यह कानून बनाया था। इसका नोटिफिकेशन 2021 में जारी किया गया था। इसमें हरियाणा में लगने वाली इंडस्ट्रीज में इस एक्ट के जरिए स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान लागू किया गया था।

### इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने दी थी चुनौती

इस कानून को प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने कहा था कि प्रदेश सरकार प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण लागू करना चाहती है जो नियोक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

प्राइवेट सेक्टर की नौकरियां




स्किल और दूसरे पैरामीटर के हिसाब से दी जाती हैं। यह एक्ट उन कर्मचारियों के भी खिलाफ है, जो भारतीय नागरिक हैं और जिन्हें अपनी एजुकेशन के आधार पर भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी पाने का संवैधानिक अधिकार है।

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का कहना था कि हरियाणा में काम करने वाले 70 प्रतिशत लोग बाहर से आते हैं और सिर्फ 30 प्रतिशत ही स्थानीय हैं। सरकार इसे वितरित करने को बोल रही है। इससे भी बड़ा सवाल ये है कि क्या प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देना संवैधानिक है। क्या राज्य सरकार ऐसा कर सकती है।

### क्या था एक्ट में

हरियाणा राज्य स्थानीय व्यक्ति रोजगार अधिनियम-2020 के मुताबि प्राइवेट कंपनियों, सोसाइटीज, ट्रस्ट, लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप फर्म, पार्टनरशिप फर्म के नियोक्ताओं, कोई भी व्यक्ति जो हरियाणा में निर्माण, व्यवसाय करने या कोई सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से वेतन, मजदूरी पर 10 या उससे अधिक व्यक्तियों को काम पर रखता है, उस पर अधिनियम लागू होगा।

### 10 साल तक प्रभावी रहना था कानून

नोटिफिकेशन में सरकार ने इस कानून के 10 साल तक प्रभावी रहने और स्टार्टअप को कानून में शुरुआती 2 साल में छूट देने की बात कही। साथ ही आईटीआई पास युवाओं को प्राइवेट सेक्टर की जॉब में प्राथमिकता देने का प्रावधान भी इसमें बनाया गया।

# ग्लोबल साउथ, वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक मामलों में समाधान में संयुक्त राष्ट्र की विफलता की ओर इशारा करते हुए विश्व समुदाय को आज संदेश दिया कि ग्लोबल साउथ के 130 से अधिक देश अब वैश्विक मामलों एवं वैश्विक शासन में अपनी हिस्सेदारी एवं आवाज़ को बुलंद करना चाहते हैं।

मोदी ने दूसरे ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए आज कहा, मुझे खुशी है कि आज पूरे दिन चली इस समिट में, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों से लेकर अफ्रिका, एशिया और पैसेफिक आईलैंड से करीब 130 देशों ने भाग लिया है।

उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर



ग्लोबल साउथ के दो शिखर सम्मेलनों का होना और उसमें बड़ी संख्या में आप सभी का जुड़ना, दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा संदेश है। यह संदेश है कि ग्लोबल साउथ अपनी स्वायत्तता और वैश्विक शासन में अपनी आवाज बुलंद करना चाहता है तथा वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज इस सम्मेलन ने हमें एक बार फिर अपनी साझा अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर चर्चा करने का अवसर दिया है। भारत को गर्व है की हमें जी-20जैसे महत्वपूर्ण फोरम में ग्लोबल साउथ की आवाज को एजेंडा पर रखने का अवसर मिला। इसका श्रेय आप सभीके मजबूत समर्थन और भारत के प्रति आपके दृढ़ विश्वास को जाता है। मोदी ने इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि जो आवाज जी-20 शिखर सम्मेलन में बुलंद हुई है, उसकी गूंज आने वाले समय में, अन्य वैश्विक मंचों पर भी ऐसे ही सुनाई देती रहेगी। मोदी ने कहा कि उन्होंने पहले वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में कुछ प्रतिबद्धताओं के बारे में बात की थी।

## शार्ट न्यूज

### छठ पूजा के लिए तत्काल यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़े हरियाणा सरकार: दयानंद वत्स भारतीय




नई दिल्ली। नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट बरवाला दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने यमुना में फैले जहरीले झाग के मद्देनजर दिल्ली में छठ पूजा के लिए यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए हरियाणा सरकार को तत्काल आदेश देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा को एक्स पर पोस्ट करके उनसे अनुरोध किया है। वत्स ने कहा कि छठ महापर्व करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व है। इसलिए दलगत राजनीति से उपर उठकर दिल्ली में यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री से आग्रह करें ताकि यमुना में जहरीले झाग से मुक्ति मिल सके और छठव्रती छठ पर्व बिना किसी परेशानी के मना सकें। यमुना में तैर रहे जहरीले झागों से देश की राजधानी दिल्ली की छवि भी खराब हो रही है। इसलिए हरियाणा सरकार आज ही तत्काल यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़े।

### एमबीबीएस में प्रवेश के नाम पर 30 लाख ठगे

गुरुग्राम। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने गुरुग्राम पुलिस आयुक्त को दो छात्राओं को एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में शुक्रवार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री विज के अम्बाला स्थित आवास पर गुरुग्राम से आई दो छात्राओं ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि संकल्प एलाइनमेंट एंड सर्विस एजेंसी ने उन्हें एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने की बात कही थी। एजेंसी के मालिक ने उनसे कहा था कि पश्चिम बंगाल स्थित श्रीराम कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, दुर्गापुर में उनका दाखिला कराया जाएगा। इसके लिए उन्होंने 15-15 लाख रूपए यानि कुल 30 लाख रूपए एजेंसी मालिक को दिए थे। एजेंसी ने उन्हें यह बताया कि उनका दाखिला हो गया है और वह दुर्गापुर जाकर अपनी कक्षाएं शुरू करें। दोनों छात्राओं ने बताया कि जब वे दुर्गापुर पहुंची तो उक्त संस्थान ने उनका दाखिला होने से इनकार किया। छात्राओं का आरोप है कि उन्होंने गुरुग्राम में एजेंसी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज कराया, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री ने इस मामले में पुलिस आयुक्त को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### नोएडा कमिश्नरेट से 283 पुलिसकर्मी होंगे रिलीव

नोएडा। नोएडा कमिश्नरी से 19 नवंबर को एक साथ 283 पुलिसकर्मी रिलीव किए जाएंगे। इनमें छह थानेदार, 47 इंस्पेक्टर,136 दारोगा और 130 हेड कॉन्स्टेबल हैं। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने इन्हें रिलीव करने के आदेश जारी किए। माना जा रहा है कि रविवार को कमिश्नरी के थानों में बड़े पैमाने पर बदलाव होगा। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार के ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्थनांतरित होने वाले पुलिस कर्मियों को एक साथ 19 नवंबर को कमिश्नरी से रिलीव किया जाएगा। रिलीव होने वाले इंस्पेक्टर में सेक्टर 58 के थाना प्रभारी संजय सिंह का ट्रांसफर लखनऊ कमिश्नरी के लिए, बिसरख के थाना प्रभारी अनिल राजपूत का गाजियाबाद, बादलपुर के प्रभारी ब्रह्म पाल सिंह का आगरा, सेक्टर 63 के प्रभारी अमित मान का आगरा किया गया। इसके अलावा कासना के प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल का कानपुर नगर और रबुपुरा के प्रभारी सुधीर कुमार का कानपुर कमिश्नरेट के लिए ट्रांसफर किया है। इसके अलावा 136 दरोगा और 130 हैड कांस्टेबल का भी ट्रांसफर हुआ है, जिन्हें रिलीव किया जाएगा। इनके स्थान पर कमिश्नरी में अन्य जनपदों से स्थनांतरित होकर पुलिसकर्मी पहुंचने लगे हैं।

### मशहूर साहित्यकार सेवाराम यात्री का निधन

गाजियाबाद। प्रख्यात साहित्यकार सेवाराम यात्री (से.रा.) का 91 वर्ष की आयु में शुक्रवार तड़के चार बजे निधन हो गया। उन्होंने गाजियाबाद में कविनगर क्षेत्र स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। आज ही उनका अंतिम संस्कार हिंडन नदी के तट पर किया जाएगा। मुजफ्फरनगर जिले के गांव जड़ोदा पांडा में जन्में सेवाराम यात्री की प्रारंभिक शिक्षा बुलंदशहर में हुई। साल-1955 में आगरा विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान और 1957 में हिन्दी साहित्य में एमए किया। वे गाजियाबाद के MMH कॉलेज में प्रवक्ता रहे और फिर यहीं पर बस गए थे। उन्होंने साल-1971 में दूसरे चेहरे नामक कथा संग्रह से अपनी साहित्य यात्रा की शुरुआत की। पांच दशकों की यात्रा में उन्होंने 18 कथा संग्रह, 33 उपन्यास, 2 व्यंग संग्रह, 1 संस्मरण और एक संपादित कथा संग्रह हिन्दी जगत के पाठकों को दी। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की ओर से 2008 का महात्मा गांधी पुरस्कार दिया गया था। उन्हें 16 नवंबर को ही दीपशिखा संस्थान ने साहित्य सृजन की यात्रा करने पर दीपशिखा पुरस्कार देने की भी घोषणा की थी। अभी इस पुरस्कार की बधाइयों का दौर जारी था कि इसी बीच उनके निधन की खबर आ गई। हिन्दी जगत में इन्हें सेरा के नाम से जाना गया, जबकि गाजियाबाद के लोग सेवाराम के नाम से ही जानते थे।

### घर में लटका मिला किशोरी का शव

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर के अंदर उसका का शव फंदे से लटका देख परिजनों का होश उड़ गया। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को परिजनों की मदद से नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। थाना क्रॉसिंग इलाके के सुदामापुरी की है। सुदामापुरी की रहने वाली किशोरी 11वीं कक्षा की छात्रा थी। गुरुवार को उसका शव रस्सी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के समय घर पर कोई भी नहीं था। परिजनों का आरोप है कि घर में लकी नाम का युवक अपनी स्कूटी से पहुंचा था। इसके बाद जब परिजन घर पर पहुंचे तो उन्हें लड़का दूसरे की छत से घर में जाता हुआ दिखाई दिया। जब वह घर पहुंचे तब लड़की का शव रस्सी से लटका हुआ था। एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि सुदामापुरी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दी है। तहरीर में बताया गया है कि इनके पड़ोसी द्वारा इनको सूचना दी गई कि इनके घर पर एक लकी नाम का लड़का आया है। घर आने पर इन्होंने देखा कि इनकी बेटी फंदे पर कपड़े से लटकी हुई है ।

### मुर्गी फार्म में मिला मालिक का शव



गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव में मुर्गी फार्म में मुर्गी फार्म मालिक का शव मिला। मौत कैसे हुई, इसका अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा। 36 साल के शहनवाज अपने मुर्गी फार्म में रहते थे। यह मुर्गी फार्म शहनवाज और उनके दो भाइयों का है। ग्रामीण बताते हैं कि शहनवाज इसी फार्म हाउस में रहा करते थे। शुक्रवार की सुबह जब परिवार के अन्य सदस्य फार्म हाउस पर आए तब उन्होंने देखा कि शहनवाज मृत पड़े हैं। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी मसूरी नरेश कुमार के मुताबिक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल फॉरेंसिक की टीम और पुलिस फार्महाउस की जांच कर रहे हैं। वहीं शहनवाज की मौत से परिवार में मातम है।

# मंत्री आतिशी और भारद्वाज के 1000 घाटों के दावे फर्जी

- यह दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से साबित होता है, जिसमें 1120 घाटों की सूची है, मंत्री बताएं कि कौन सा आंकड़ा गलत है- दिल्ली भाजपा
- पूर्वांचली छठ समितियों ने पहले कभी इस तरह का भ्रष्टाचार नहीं देखा है, जैसा कि इस साल व्याप्त है, जहां उन्हें पानी के टैंकर और लाइट कनेक्शन लेने के लिए विधायक कार्यालयों में जाने और घाटों पर आप नेताओं के फोटो होर्डिंग्स लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है : दिनेश प्रताप और नीरज तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी और प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि जब भी दिल्ली सरकार की विफलताएं पकड़ी जाती हैं तो सरकार अपने मंत्रियों को बुलाकर बार बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करवा कर मुद्दे को भटकाने की कोशिश करती।

कल दिल्ली बीजेपी ने खुलासा किया कि भले ही दिल्ली सरकार 1000 घाट बनाने का दावा कर रही है लेकिन वास्तव में कल तक केवल 100 घाट ही बने थे और आज भी लगभग 30 से 40 और घाटों पर ही सरकारी काम शुरू हो पाया है।

भाजपा की पोल खुलने के बाद दिल्ली सरकार ने आज मंत्री आतिशी एवं सौरभ भारद्वाज को मैदान में उतार कर फिर से अपना झूठा बयान दोहराया कि दिल्ली सरकार 1000 घाटों का निर्माण कर रही है और भाजपा शासित राज्यों के प्रति सवाल उठाए।

बीजेपी नेताओं ने कहा है कि मंत्री आतिशी और भारद्वाज के 1000 घाटों के दावे फर्जी हैं, यह दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से साबित होता है, जिसमें 1120 घाटों की सूची है।

राजस्व विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार 1120 घाटों के लिए भुगतान किया जाएगा और यह आश्चर्य की बात है कि मंत्री 1000 घाटों के आंकड़े को क्यों दोहरा रहे हैं। दिल्ली बीजेपी नेताओं ने मंत्रियों से पूछा है कि घाट पर कौन सा आंकड़ा सही है।

दिनेश प्रताप सिंह और श्री नीरज तिवारी ने कहा है कि पूर्वांचल छठ समितियों ने पहले कभी इस तरह का भ्रष्टाचार नहीं देखा है जैसा इस साल व्याप्त है, जहां उन्हें विधायक कार्यालयों में जाने और पानी के टैंकर एवं लाइट लेने के लियें घाटों पर आप नेताओं के फोटो होर्डिंग लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता श्री प्रवीण शंकर कपूर ने आम आदमी पार्टी के नेताओं से पूछा है कि वे बताएं कि उनकी पंजाब सरकार ने लुधियाना, जालंधर, अमृतसर आदि शहरों में क्या व्यवस्था की है, जहां लाखों पूर्वांचल प्रवासी रहते हैं और काम करते हैं।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया

नोएडा। पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया जो मेट्रो से नोएडा आता था। यहां सेक्टर और सोसाइटी में रेकी करके मॉल चोरी करता और वापस मेट्रो पकड़कर दिल्ली चला जाता था। हाल ही में उसने नोएडा के सेक्टर-39 जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में चोरी की थी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसके बाद से पुलिस ने चोर को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। शुक्रवार को चोर वापस सेक्टर-39 में चोरी करने की फिराक में था। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे डिग्री कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान सुमीर शर्मा निवासी द्वारिका दिल्ली हुई है। इसके पास से 10 लैपटॉप, 01 टैब, सोने की टिकली, दो चांदी के बिस्कुट बरामद किए गए है। पुलिस इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। चोरी करने से पहले सुमीर मेट्रो से नोएडा आता था। यहां से ई रिक्शा करके करीब 500 मीटर या 1000 मीटर की रेंज में आने वाली सोसाइटी में जाता। वहां रेकी करता। जो मकान बंद मिलते थे उनका ताला तोड़कर सामान चोरी करता था। इसके बाद वापस सोसाइटी के गेट से ई रिक्शा करता मेट्रो स्टेशन आता था। यहां से द्वारिका चला जाता था। वहीं पर ही ये चोरी के लैपटॉप को सस्ते दामों पर बेचता था।

इस चोर ने भाई दूज के दिन अस्पताल परिसर में रहने वाले नितेश खरे के यहां भी चोरी की थी। नितेश की मीना खरे सीएमओ कार्यालय में अकाउंटेंट है। बुधवार को परिवार के सभी लोग भाई दूज के दिन दिल्ली स्थित अपने रिश्तेदार के घर गए थे। उसी रात टावर-बी के 18वीं मंजिल स्थित उनके फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी की घटना की गई। बंद घर से चोर जूलरी और कैश ले गया था।

## बिल्डर कंस्ट्रक्शन को लेकर महिलाओं ने दिया धरना

नोएडा। नोएडा के सेक्टर- 45 सदरपुर स्थित काशीराम कॉलोनी के पास एक प्लॉट पर बिल्डर कंस्ट्रक्शन कर रहा है। इस निर्माण को लेकर पहले गुरुवार को निवासियों और बिल्डर के बीच विवाद हुआ। बिल्डर की ओर से सेक्टर 39 थाने में तीस महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी गई। शुक्रवार को महिलाओं यहां दोबारा से धरने पर बैठ गई है। मौके पर पुलिस बस मौजूद है। काशीराम कॉलोनी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुबोध झा ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ने गलत तरीके से बिल्डर को करीब 19 हजार वर्गमीटर जमीन बेच दी। यहां बिल्डर निर्माण कार्य भी कर रहा है। कॉलोनी के निवासियों का दावा है कि यह जमीन काशीराम कॉलोनी की है, जिसको गलत तरीके से बिल्डर को दे दिया गया है। इस जमीन पर सामुदायिक केंद्र और अन्य सुविधाओं का निर्माण होना था। इसी लेकर कॉलोनी की रहने वाली करीब तीस महिलाएं गुरुवार को प्लांट के पास पहुंच गईं। निर्माण कार्य को रोकने के लिए हंगामा किया। इसी बीच इमारत का निर्माण करा रहे बिल्डर और महिलाओं के बीच झड़प हो गई। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची सेक्टर 39 थाना पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर वहां से हटाया और शांति बहाल की। थाना प्रभारी ने बताया कि इसको लेकर बिल्डर के अधिकारी ने काशीराम कॉलोनी में रहने वाली दुर्गा शर्मा के साथ ही 30 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी जिसमें जांच की जा रही है। वहीं शुक्रवार को महिलाओं का ये दल दोबारा से धरने पर यहां बैठ गया। सुबोध झा ने बताया कि हम किसी भी कीमत पर कांशी राम कालोनी की जमीन को बिकने नहीं देंगे।

## गाजियाबाद के कुख्यात माफिया की 6 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी के रहने वाले कुख्यात माफिया महबूब अली की 6 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को पुलिस ने कुर्क कर लिया। माफिया ने यह संपत्ति दिल्ली में बनाई हुई थी। दिल्ली के नागलोई में माफिया की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की गई है। माफिया महबूब अली पर दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। भोले भाले मासूम लोगों के साथ ठगी के साथ-साथ मारपीट अपहरण आदि के मुकदमे दर्ज है। लोगों के साथ जमीन खरीद फरोख्त में ठगी के मास्टरमाइंड बन चुके महबूब अली ने करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित कर रखी है। गाजियाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों और राज्यों में भी इसकी संपत्तियां हैं।

# एसपीए का 41वां दीक्षांत समारोह आयोजित

## अब है प्लेयर और प्रफ़ोर्मर के लिए उपयुक्त समय: प्रो. योगेश सिंह



नई दिल्ली। स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली का 41वां दीक्षांत समारोह दिल्ली के अगस्त क्रांति मार्ग स्थित सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में शुक्रवार को आयोजित हुआ। समारोह के दौरान एसपीए के 12 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही 235 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और 140 विद्यार्थियों को स्नातक डिग्रियां भी प्रदान की गई। इस अवसर पर भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत मुख्य अतिथि और वास्तुकला परिषद के अध्यक्ष प्रो. एआर. अभय विनायक पुरोहित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता एसपीए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. अर. हबीब खान ने की। कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित अतिथियों, डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

एसपीए के निदेशक प्रो. योगेश सिंह ने अपने स्वागत भाषण में डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भावी जीवन में सफलता के लिए प्रेरणा देते हुए कहा कि आपका समर्पण और कड़ी मेहनत ही आपकी सफलता को तय करेंगे। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि देश बड़ी तेजी से तरक्की कर रहा है। अब प्लेयर और प्रफ़ोर्मर के लिए उपयुक्त समय है।

# तयशुदा कार्यक्रमानुसार दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग चेयरमैन संजय गहलोत की नरेला जोन के उपायुक्त से हुई महत्वपुर्ण बैठक

- बैठक में सफाई कर्मचारियों के जवलनतशील मुद्दे जिनमे नियमतिकरण, करूणामूलक आधार पर नियुक्ति, प्रोमोशन, सेवानिवृत्त लाभांश इत्यादि पर हुई ज़ोरदार चर्चा
- नरेला ज़ोन के डी सी वीर सिंह यादव ने डेम्स में कार्यरत कर्मचारियों के लिये अनूठी पहले करते हुए डेम्स सेवा केंद्र वेबसाइट का किया निर्माण
- नरेला ज़ोन में दीवाली का रुका हुआ बोनस भी हुआ जारी



दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन में कार्यरत सभी श्रेणी के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्यायों के निपटान हेतु उपायुक्त कार्यालय में दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत की अध्यक्षता में ज़ोन उपायुक्त वीर सिंह यादव, सहायक आयुक्त, प्रशासनिक अधिकारी, श्रम कल्याण अधिकारी, सफाई अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें सैंकड़ो सफाई कर्मचारी एवं विभिन्न ट्रेड यूनियन नेताओँ ने भी हिस्सा लिया।

बैठक में कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई जिनमे प्रमुख रूप से वर्ष 1-4-1998 से 31 मार्च 2000 तक नियमित होने वाले कर्मचारियों के कार्य मे तेजी लाने,, करूणामूलक आधार नियुक्ति पर क्षेत्रीय स्तर पर सरलीकरण, गठित बोर्ड में तीव्रता से फाइलें भेजना, प्रमोशन, सफाई कर्मचारियों के लिए औजारों की समस्या इत्यादि पर वार्तालाप हुई।

आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने नरेला ज़ोन में उपायुक्त द्वारा डेम्स सेवा केंद्र की वेबसाइट बनाने पर सराहना की और कहा कि इस बाबत कर्मचारियों के कार्य को सरलीकरण बनाने हेतु बाकी बचे हुए 11 जोनों में भी इसी तर्ज पर वेबसाइट बनाने हेतु सिफारिश की जाएगी।

नरेला जोन में कच्चे कर्मचारियों का दीवाली के रुके हुए बोनस का भी आबंटन कर दिया है, वहीं मौके पर मौजूद कर्मचारियों की समस्यायों का भी तत्काल निदान किया गया ।

## सेंट्रल नोएडा में नई चौकी का उद्घाटन

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर में लोगों को और ज्यादा सहूलियत देने के लिए और पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सेंट्रल नोएडा में एक चौकी का उद्घाटन किया। बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत 130 मी रोड पर एस्टर सेक्टर 3 चौकी का उद्घाटन किया गया इस चौकी क्षेत्र में कई इंटरनेशनल स्कूल है। सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में 130 मीटर रोड पर एस्टर सेक्टर 3 चौकी का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया। इस दौरान उनके साथ में जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद कुलकर्णी और जॉइंट पुलिस कमिश्नर हेड क्वार्टर बबलू कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि इस 130 मीटर रोड के आसपास रहनसहन काफी ज्यादा हो गई है और कई सेक्टर भी बस गए हैं। इसके अलावा यहां पर कई इंटरनेशनल स्कूल है। जिसमें छोटे बच्चों का आवागमन रहता है। यहां पर एक चौकी की आवश्यकता थी। उसी को दृष्टिगत रखते हुए यहां चौकी का निर्माण किया गया। इस चौकी के बनने के बाद यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी और पुलिसिंग भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य यह भी है कि जहां पर भी दूसरे जिले से हमारी सीमा जुड़ती हैं, वहां पर आउटपोस्ट या चौकी का निर्माण जरूर किया जाए और ऐसी जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं। इस पर कार्य चल रहा है। जिले में अभी कई थाने बनने बाकी हैं। जिनका शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जिस तरह से लगातार आबादी बढ़ रही है ।

# राजनैतिक दल गांवो पर थोपे हाउस टैक्स पर स्थिति स्पष्ट करें

**गांवों के हाउस टैक्स माफ पर जल्द निर्णय ना होने पर निगम मुख्यालय का घेराव : पंचायत संघ**



थान सिंह यादव प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने पंच प्रमुखों कि बैठक में एमसीडी की ओर से गांवों में पिछला वर्ष 2004 से हाऊस टैक्स जमा कराने के नोटिस भेजने व संपत्ति सीलिंग के विरोध में आंदोलन करने का ऐलान किया है। ओर राजनैतिक दलों से मांग कि गांवों में थोपे जा रहे हाऊस टैक्स पर अपनी राय स्पष्ट करें। ओर हाल ही में नगर निगम ने गांवों के हाउस टैक्स पर जो प्रस्ताव पास कर निगमायुक्त को भेजा उसे स्पष्ट करें।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने नोटिस भेजने व संपत्ति सील के निर्णय को ग्रामीण विरोधी करार दिया है।क्योंकि एक ओर दिल्ली नगर निगम पिछला हाउस टैक्स माफ करने की योजना लाई थी।दूसरी ओर राजनैतिक दल समय-समय पर गांवो का हाउस टैक्स माफ करने का ऐलान कर चुके हैं।

इसके बावजूद ग्रामीणों के पास भारी-भरकम हाउस टैक्स के नोटिस भेजे जा रहें हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि गांवों में नोटिस भेजने व संपति सील करने पर पंचायत संघ जल्द नगर निगम मुख्यालय का घेराव करेगा। इसके अलावा गांवों का हाउस टैक्स माफ,भवन उपनियम से मुक्ति,सील संपत्ति खोलने,गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में करने के संबंध में नगर निगम में प्रस्ताव पास कराने और योजना लाने के लिए वह राजनैतिक दलों व दिल्ली देहात व ग्रामीण पृष्ठभूमि के पार्षदों पर दबाव बनाएंगे। क्योंकि नोटिस आने पर गांवों में आक्रोश बढ़ रहा है।

पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि गांवों में शहर जैसी एक भी सुविधा नहीं हैं।इसके अलावा गांवों की कृषि भूमि का कोडियो के भाव अधिग्रहण किय गया। जो अभी भी बदस्तूर जारी हैं।जिसके कारण गांव वाले बेरोजगार हो गए। ओर किराए पर निर्भर हो गए। इस कारण पंचायत संघ ने गांवों के साथ दोहरे रवैए के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर ली है।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर 'फ्रीडम ऑफ प्रेस' पर विचार गोष्ठी, वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान






नई दिल्ली। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ इंडिया एवं एक्रिडिटेड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रेस की स्वतंत्रता (फ्रीडम ऑफ प्रेस) विषय पर विचार गोष्ठी व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया में किया गया। इस विचार गोष्ठी में बड़ी संख्या में प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकार शामिल हुए।

विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अनन्त नाथ, द वायर के संस्थापक संपादक सिद्धार्थ वरदराजन व शीला दीक्षित की दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री रमाकांत गोस्वामी शामिल हुए। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गौतम लहिरी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार इरा झा, विवेक शुक्ला, ललित वत्स एवं सीनियर फोटोग्राफर कमलजीत सिंह को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर एक्रिडिटेड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

पत्रकार गोष्ठी में वक्ताओं ने वर्तमान दौर में पत्रकारिता में चुनौतियां व मीडिया की बदलती भूमिका पर जमकर चर्चा की। वहीं स्वतंत्रता के बाद पत्रकारों, सरकारों व सियासतदानों के रिश्तों में उतार चढ़ाव, खींचतान व उसका देश व समाज पर पड़ने वाले प्रभाव व प्रेस की आजादी पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर बोलते हुए, द वायर के संस्थापक संपादक, सिद्धार्थ वरदराजन ने कहा कि मौजूदा शासन के दौरान दुर्भाग्य से वरिष्ठ संपादक, रिपोर्टर, यूट्यूबर और यहां तक कि स्टिंग करने वाले भी अपनी कहानियां दर्ज करने के लिए अत्यधिक आशंका और भय में हैं। द वायर के संस्थापक संपादक मृणाल पांडे, राज दीप सरदेसाई और विनोद दुआ जैसे वरिष्ठ पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह के आरोप लगाए जाने पर अपनी गहरी नाराजगी, गुस्सा और निराशा व्यक्त करते हुए, जिन्होंने लंबे आंदोलन और कोविड 19 महामारी के दौरान किसानों की समस्याओं को पारदर्शी रूप से उजागर किया था। कहा कि अब इस तरह के उत्पीड़न और मीडिया की स्वतंत्रता का गला घोंटने के बारे में लिखने का समय आ गया है। मीडिया की स्वतंत्रता और संपादकों से लेकर जमीनी स्तर पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमले की कड़ी निंदा करते हुए, श्री वरदराजन ने कहा कि समय आ गया है कि वैचारिक संबद्धताओं और मतभेदों के बावजूद एकजुट होकर चल रहे उत्पीड़न का दृढ़ता से और एकजुट होकर मुकाबला किया जाए। उन्होंने मीडिया बिरादरी से आग्रह किया कि वे सत्ता में बैठे लोगों और लगातार राज्य सरकारों के गलत इरादों को कुचलने और उनका मुकाबला करने के लिए एकजुटता से खड़े हों, जो मीडिया, स्वतंत्रता और पत्रकारिता के अधिकारों को कुचलने पर आमादा हैं।

एक्रेडिटेड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शंकर चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कार्यक्रम में सम्मिलित सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज व राष्ट्र की प्रगति में पत्रकारों की भूमिका बहुत अहम है लिहाजा समय-समय पर हमें अपनी भूमिका पर विचार मंथन करते रहना चाहिए। एसोसिएशन के महासचिव कोडले चनप्पा ने लघु एवं मध्यम वर्ग के समाचार पत्रों को आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और इन समस्याओं से समाधान के लिए सरकार से अपील की।

# संपादकीय



## स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराना हुआ दूभर

चुनाव में राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को अनैतिक रूप से लुभाने की कोशिशों पर रोक लगाने के मकसद से कुछ कड़े प्रावधान भी किए गए हैं पर व्यवहार में यह लागू नहीं हो पा रहा है।

चुनाव के समय राजनीतिक दल न केवल अपने घोषणा-पत्रों में बढ़-चढ़ कर लोकलुभावन वादे करते, बल्कि नकदी, आभूषण, महंगे उपहार और नशीले पदार्थ आदि बांट कर भी मतदाता को अपने पाले में खींचने का प्रयास करते देखे जाते हैं। यह अब एक तरह से परिपाटी बन गई है। हालांकि हर चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय है और निर्वाचन आयोग दम भरता है कि वह स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराएगा।

इसके लिए जगह-जगह छापामार दल तैयार किए जाते हैं, जो चुनाव के समय अवैध रूप से मतदाताओं को लुभाने वाली गतिविधियों पर नजर रखते और नकदी आदि बांटने पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। मगर हकीकत यही है कि हर चुनाव में नकदी और महंगे उपहार, शराब वगैरह का चलन बढ़ता गया है।

अभी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बताया है कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के दौरान जब्त की गई राशि पहले के चुनावों की तुलना में काफी बढ़ी हुई है। इस मामले में राजस्थान अव्वल है, जहां पहले की तुलना में करीब तीन गुना अधिक राशि जब्त की जा चुकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन राज्यों में कितने बड़े पैमाने पर नकदी, शराब वगैरह बांटी गई।

चुनाव सुधार को लेकर लंबे समय से सुझाव दिए जाते रहे हैं। मतदाताओं को अनैतिक रूप से लुभाने की कोशिशों पर रोक लगाने के मकसद से कुछ कड़े प्रावधान भी किए गए। मगर उन कोशिशों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा, तो जाहिर है इसमें राजनीतिक दलों की इच्छाशक्ति का अभाव है। शायद किसी भी पार्टी में ऐसा नैतिक साहस नहीं है, जो दावा कर सके कि वह तय नियमों से बाहर जाकर चुनाव खर्च नहीं करती।

यही वजह है कि स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी बेशक निर्वाचन आयोग पर है, मगर उसे एक प्रकार से नख-दंतविहीन बना कर रखा गया है। चुनाव में प्रत्याशी के लिए तो खर्च की सीमा तय है, मगर पार्टियों के लिए कोई सीमा नहीं है। इस तरह अक्सर प्रत्याशी अपने तय सीमा से अधिक खर्च को पार्टी खर्च के खाते में दिखा देते हैं।

इस तरह चुनावों में बेतहाशा खर्च किया जाने लगा है। निर्वाचन आयोग के लिए उस पर अंकुश लगाना कठिन बना हुआ है। पार्टियों को चुनावी चंदे के रूप में मिलने वाले गुप्त धन पर अंकुश लगाना तो चुनौती है ही। इस तरह चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशों पर रोक लगाना भी मुश्किल काम बना हुआ है। सब जानते हैं कि चुनावों में खर्च होने वाला धन राजनीतिक पार्टियां और प्रत्याशी चंदे के रूप में जुटाते हैं। हालांकि इसके लिए भी नियम-कायदे हैं, मगर हर राजनीतिक दल के पास चोरी-छिपे गुप्त धन पहुंचता है, जो आमतौर पर कालाधन होता है। वही पैसा प्राय॰ नकदी, आभूषण, शराब और दूसरी वस्तुओं के रूप में बांटा जाता है।

आयकर और प्रवर्तन विभाग छापेमारी करके कुछ नकदी आदि पकड़ तो लेते हैं, मगर वह बांटी गई रकम का महज छोटा हिस्सा होती है। फिर, राजनीतिक दलों की इस प्रवृत्ति पर अंकुश इसलिए नहीं लग पाता कि जिस प्रत्याशी के पास से ऐसी अवैध चीजें पकड़ी जाती हैं, उसके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हो पाती। आजतक ऐसे किसी व्यक्ति का नामांकन या उसका चुनाव रद्द करने का प्रमाण नहीं है। जब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाएगा, राजनीतिक दल मतदाता को इस तरह प्रलोभित करने से शायद ही बाज आएं।

## तमाम कोशिशों के बावजूद रेल यात्रा सुरक्षित नहीं

तमाम घोषणाओं के बावजूद अभी तक रेल गाड़ियों और उनके डिब्बों को किसी केंद्रीकृत सुरक्षा प्रणाली से जोड़ने में कामयाबी नहीं मिल पाई है।

तमाम कोशिशों के बावजूद सुरक्षित सफर सुनिश्चित करा पाना रेलवे के लिए कठिन काम बना हुआ है। कभी कोई गाड़ी पटरी से उतर जाती है, तो कभी दो गाड़ियां आपस में टकरा जाती हैं। हालांकि दावा किया जाता है कि गाड़ियों में टक्कररोधी उपकरण लगाने और कंप्यूटरीकृत यातायात संचालन व्यवस्था होने के बाद से हादसों में कमी आई है।

मगर बीते छह महीनों पर नजर डालें तो कई बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हुए। अभी बारह घंटे के भीतर दो गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं उसी सिलसिले में जुड़ गई हैं। बुधवार को एक तेज रफ्तार गाड़ी दिल्ली से दरभंगा के लिए रवाना हुई थी। उत्तर प्रदेश के इटावा पहुंचते ही उसके तीन डिब्बों में आग लग गई।

गनीमत थी कि गाड़ी अभी स्टेशन से रवाना ही हुई थी और कर्मचारियों ने उसमें से धुआं उठता देखा और रुकवा लिया। इस तरह कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। मगर वहीं दूसरी गाड़ी में आग लगने से उन्नीस लोग घायल हो गए। आग लगने की वजह से वे चलती गाड़ी से कूदने और भागने लगे थे। दूसरी गाड़ी भी दिल्ली से बिहार के वैशाली जा रही थी।

रेल गाड़ियों में आग लगने की बड़ी वजह उनमें लगे खराब गुणवत्ता वाले तार और उन्हें जोड़ने आदि में बरती गई लापरवाही होती है। गरम होकर जब दो तार आपस में चिपक जाते हैं, तो चिनगारी फूटने लगती है। दोनों घटनाएं रात के वक्त हुईं, जब ज्यादातर मुसाफिर सो रहे थे। जब भी तारों के चिपक कर जल उठने की घटना होती है, तो उसकी आहट पूरे डिब्बे में आग के फैलने से पहले मिल जाती है।

जाहिर है, इन दोनों घटनाओं के वक्त भी तारों के जलने की बदबू डिब्बे में फैली होगी। मगर समय रहते किसी तकनीकी सहयोगी ने उस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की, इसलिए आग फैली। ज्यादा संभव है कि उन गाड़ियों में कोई तकनीकी सहयोगी रहा ही न हो। आमतौर पर डिब्बों में जो सहायक तैनात किए जाते हैं, वही बिजली आदि से संबंधित गड़बड़ियों को सुधारने या सुधरवाने की जिम्मेदारी उठाते हैं।

मगर जिन दोनों गाड़ियों में आग लगी, वे विशेष गाड़ियां थीं, जो छठ के मद्देनजर चलाई गई थीं। फिर उनके जिन डिब्बों में आग लगी वे सामान्य शयनयान थे। इसलिए जाहिर है, उनमें भीड़ भी कुछ अधिक रही होगी और उनमें सहायकों की तैनाती उस तरह नहीं की गई होगी, जैसे दूसरी गाड़ियों के विशेष वातानुकूलित डिब्बों में की जाती है।

दरअसल, त्योहारों के मौकों पर विशेष गाड़ियां चला कर रेलवे यात्रियों के दबाव को कम करने की कोशिश तो करता है, मगर वह उनमें वैसी सेवाएं नहीं दे पाता जैसी दूसरी गाड़ियों में होती हैं। ऐसी गाड़ियों में लगे ज्यादातर डिब्बे प्राय॰नियमित उपयोग के अतिरिक्त सुधार के लिए आए या सुधार कर रखे गए होते हैं।

उन्हें इंजन के साथ जोड़ कर पटरियों पर दौड़ा तो दिया जाता है, मगर इस बात का गंभीरता से ध्यान नहीं रखा जाता कि आखिर वे लंबी दूरी का सफर तय करने के लिए सुरक्षित हैं भी या नहीं।

फिर, अनेक बार घोषणाओं के बावजूद अभी तक रेल गाड़ियों और उनके डिब्बों को किसी केंद्रीकृत सुरक्षा प्रणाली से जोड़ने में कामयाबी नहीं मिल पाई है। ऐसेहादसों के वक्त चालक तक चेतावनी पहुंचाने की व्यवस्था भी नहीं होती। ऐसे लापरवाह रवैए के साथ रेलवे कहां तक सुरक्षित सफर का भरोसा दिला सकता है!

# वोटों की राजनीति के चलते गैस चैंबर बन गए हैं दिल्ली व एनसीआर

योगेंद्र योगी



हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है।

जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने करीब 60 लाख यहूदियों की गैस चैम्बर में जहरीली गैस छोड़ कर हत्या की थी। कमोबेश यही हालत देश के नेता राजधानी दिल्ली के करोड़ों लोगों की कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि हिटलर ने नस्लवादी मानसिकता से सुनयोजित तरीके से इस भीषण नरसंहार को अंजाम दिया था और भारत में नेताओं की वोटों की राजनीति के कारण इसे अंजाम दिया जा रहा है। प्रदूषित जहरीली हवा से तिल-तिल करके मरने के लिए करोड़ों लोगों को छोड़ दिया गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चेंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है। दिल्ली में इतनी बड़ी आबादी लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के चलते भीषण प्रदूषित हवा से तिल-तिल करने को मजबूर है।

हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देता तो दिल्ली और आस-पास के हालात शायद हिटलर के कत्लगाह बने जहरीले गैस चैम्बर जैसे बन जाते। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में जानलेवा बने वायु प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली की दमघोंटू जहरीली हवा लोगों के स्वास्थ्य की हत्या के लिए जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक राजनीतिक लड़ाई नहीं बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर सर्दियों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी के पीछे पड़ोसी राज्यों- पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना एक प्रमुख कारक है। इसमें पंजाब सरकार से पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने को कहा गया। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के वकील से कहा कि हम नहीं जानते कि आप इसे कैसे करते हैं, यह आपका काम है। लेकिन इसे रोका जाना चाहिए। तुरंत कुछ किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि पंजाब में खेतों में लगने वाली आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए पराली जलाने का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) और राज्य कह रहे हैं कि वे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। लेकिन पराली जलाना अभी भी जारी है। प्रदूषण की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश को निर्देश देते हुए कहा कि ये राज्य पराली जलाना तुरंत बंद कर दें। मामले पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निशाने पर लिया।

जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने वाले स्मॉग टावर लगाए गए और उनका खूब प्रचार किया गया लेकिन वह बंद पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से पराली को नष्ट कर खाद बनाने वाले केमिकल के प्रचार पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पराली को खाद बनाने वाले एक केमिकल का दावा किया था। क्या यह कभी सफल हुआ? लगता है यह सब सिर्फ दिखावा ही था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल एक दूसरे पर दोषारोपण का खेल जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने अपना बुलडोजर शुरू किया तो हम नहीं रुकेंगे। अदालत ने यह भी पूछा कि पंजाब में धान क्यों उगाया जा रहा है, जबकि जलस्तर पहले से ही इतना नीचे है। आप क्या कर रहे हैं? अपने जलस्तर को देखें। आप पंजाब में धान की अनुमति क्यों दे रहे हैं? आप पंजाब को हरित भूमि से बिना फसल वाली भूमि में बदलना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब में धान की खेती का विकल्प खोजा जाए। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं से राज्य की आबोहवा खराब हो रही है। इसका असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ रहा है। प्रमुख शहर जैसे अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) काफी खराब कैटेगरी में चल रहा है। पंजाब में सबसे ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। पंजाब में कुल 1,830 मामले दर्ज किया जा चुके हैं। फिरोज़पुर दूसरे नंबर पर हैं। अकेले फिरोज़पुर में 299 मामले पराली जलाने के दर्ज किए गए है। दिवाली के बाद वायु प्रदूषण की हालत और भी खराब हो गयी है। चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो फेफड़ों के इंफेक्शन से ठीक होने के बाद भी सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। युवा मरीजों में भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कई गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा है। ऐसे लक्षणों वाले सभी मरीजों में करीब 50 प्रतिशत या दो में से एक जो ओपीडी में आ रहे हैं, उन्हें कम से कम एक या दो दिनों के लिए भर्ती होना पड़ रहा है। करीब 30 प्रतिशत मरीजों को आईसीयू में एडमिट होने की जरूरत होती है। वायु प्रदूषण से लंग्स कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण 2019 में भारत में 16.7 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। जो देश में अब तक हुई कोविड-19 से हुई मौतों से दस गुना अधिक है। जिससे लगभग 36.8 बिलियन डॉलर (2,71,446 करोड़ रुपये) का आर्थिक नुकसान हुआ। एम्स, आईसीएमआर और आईआईटी-दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी, 2019 शीर्षक से, इनडोर और आउटडोर दोनों में वायु प्रदूषण के आर्थिक प्रभाव को मापा गया, क्योंकि इससे समय से पहले होने वाली मौतों के कारण आउटपुट का नुकसान हुआ और रुग्णता बढ़ी।

अध्ययन में कहा गया है कि ये मौतें पिछले साल देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थीं, जबकि आर्थिक नुकसान भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.36 प्रतिशत था। वायु प्रदूषण से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में साल दर साल लगभग 0.56 प्रतिशत की कमी आ रही है, क्योंकि जीडीपी की गणना में शामिल वस्तुओं एवं सेवाओं पर वायु प्रदूषण नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। भारत में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित स्तर का लगभग 20 गुना और भारत के अपने मानकों से दो गुने से भी अधिक है। वायु, जल, भूमि और ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के साथ-साथ अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। प्रदूषण के लगातार गहराते संकट को देखते हुए अब तो यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि वायु प्रदूषण से होने वाला आर्थिक नुकसान 2024 तक भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने पर भी पानी फेर सकता है।

प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण माना जाता है। यह दुनिया में असमय मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। ऐसा नहीं है कि प्रदूषण से होने वाले देश के लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का राजनीतिक दलों और केंद्र व राज्य सरकारों को अंदाजा नहीं है, किन्तु क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों के सामने राष्ट्रवाद बौना साबित हो रहा है। देश की तरक्की और निर्धारित आर्थिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है सरकारें राष्ट्रहित को सर्वोपरी रखें।

# सत्य सास्वत है, विकास के सोपानों के साथ सत्य की प्रासंगिकता निरंतर मजबूत होती है

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है।

सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है।

मुंडक उपनिषद में उल्लेखित सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा।

## जख़्म ऐ दिल मत दिखा जमाने को।

जख़्म ऐ दिल मत दिखा जमाने को।
कि तूने समझा ही क्या जमाने कोद्य

हाथ मिला हमसाया बन।
हमदर्द बना जमाने को ।

देखना चाहता असली चेहरे ।
आईना दिखा दे जमाने को ।

दोगली सियासत फ़िज़ा की।
बेनकाब कर दिखा जमाने को ।

अपने ही लोग कांटे बिछाएंगे ।
बनाकर चमन,दिखा जमाने को ।

मोहब्बत,इश्क,शायरी बेमानी।
शोहरत कमा, दिखा जमाने को,

कर दे राहें संजीव फूलों भरी,
कवि तू ही चला जमाने को।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# छठ : आस्था एवं उत्साह का लोकपर्व



योगेश कुमार गोयल

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है।

षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। छठ पूजा इस वर्ष 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक मनाई जा रही है। नहाय-खाय 17 नवम्बर को और खरना 18 नवम्बर को है जबकि छठ की मुख्य पूजा संध्या अर्ध्य के साथ 19 नवम्बर को होगी। उगते सूर्य को अर्ध्य 20 नवम्बर को दिया जाएगा और उसी के साथ छठ महापूजा का समापन होगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रात:काल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है।

सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में



प्राय: चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्ध्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा करने के पश्चात् प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है।

छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं।

माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान् योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया।

इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पाण्डव जब अपना सारा राजपाट जुए में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रोपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पाण्डवों को राजपाट वापस मिला। पाण्डवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ-सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ-सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्यौहार माना जाता है।

## शार्ट न्यूज

### कोचिंग संचालक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में पुलिस ने कोचिंग संचालक की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पिछली 11 नवंबर को गद्दीपुर गांव में कोचिंग संचालक अजेय कुशवाहा की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस उपाधीक्षक नगर कुलदीप कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बीती रात वाराणसी लखनऊ मार्ग पर गद्दीपुर मोड़ पर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान दर्शन उर्फ अनुज मौर्य तथा विजय शंकर उर्फ सूरज मिश्र के तौर पर की गयी है। उन्होने बताया कि दर्शन मौर्य के पास एक 32 बोर की पिस्टल, एक जिंदा कारतूस मिला। दोनो आरोपियों ने बताया कि वे गद्दीपुर गांव के धीरज मिश्र के घर पथराव करके भाग रहे थे कि उसी समय अजेय उर्फ पूना ने उन दोनों को देख लिया। वह दोनो को गाली देने लगा, जिस पर उसे गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

### उन्नाव में सड़क हादसा, दो मरे 24 घायल

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर क्षेत्र में शुक्रवार को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से मिनी ट्रक में सवार दो लोगों को मौत हो गयी जबकि 24 से अधिक घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज भोर लगभग चार बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से आगरा की ओर जा रही एक बस ने डीसीएम में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना से डीसीएम पलट गई और उसमे सवार करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और यूपीडा टीम ने रेस्क्यू करके घायलों को स्थानीय अस्पताल (सीएचसी) में भर्ती कराया। उन्होने बताया कि घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत किलोमीटर संख्या 252 पर हुई थी। घटना में डीसीएम के चालक की मौके पर तथा सवार एक अन्य की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। मृतकों की पहचान डीसीएम चालक लाल बहादुर (47) और मोहित (30) के तौर पर की गयी है। इस घटना में करीब 24 लोग घायल हुये थे, जिनमे 12 लोगों को प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया है, अन्य 12 का इलाज जारी है और वह खतरे से बाहर है।

### कौशांबी में प्रापर्टी डीलर की जलने से मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध परिस्थितियों में जल कर मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिव प्रसाद मिश्र (58) जिला मुख्यालय मंझनपुर में जमीन की खरीद फरोख्त का काम करते थे। दोपहर बाद वह रोज की तरह अपने कार्यालय से बंबुरा स्थित अपने आवास में आराम करने के लिए गए थे। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जलकर उनकी मृत्यु हो गई। घर से निकलते हुए धुएं को देखकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घर का दरवाजा तुड़वाकर अंदर प्रवेश किया लेकिन तब तक शिव प्रसाद मिश्र की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के पुत्र अंकित मिश्रा ने मंझनपुर कोतवाली में सूचना दर्ज कराई है। पुलिस संपूर्ण प्रकरण की जांच कर रही है।

### वीडियो रिकॉर्डिंग करते महिला ने लगाई फांसी

**बलिया।** बलिया में एक नवविवाहिता ने वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए फांसी लगा ली। घरवालों ने उसे फंदे से झूलता देखा, तो नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि महिला ने इसी साल जनवरी में लव मैरिज की थी। वह लखनऊ में रहकर ड्रग्स की तैयारी कर रही थी। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के बालेश्वर घाट के पास का है। यहां एक विवाहिता ने अपने घर के तीसरे फ्लोर पर पंखे के हुक में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया है। जांच पड़ताल की जा रही है। मृतका का नाम निशा गुप्ता (25) है। उसका मायका बैरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज में है। निशा ने इसी साल 27 जनवरी को बालेश्वर घाट के रहने वाले पिंकू गुप्ता से शादी थी। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को जानते थे। इसके बाद दोनों ने लव मैरिज करने का फैसला किया था। पिंकू किराया व्यवसायी है। ससुराल वालों ने बताया कि निशा पढ़ने में बहुत तेज थी। यही कारण था कि पति पिंकू ने उसे लखनऊ भेज दिया था। यहां उसे सिविल सर्विसेज की तैयारी करवा रहा था।

### लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ । (पी एम) 09.11.23 को वादी मुकदमा ने थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दिया कि विपक्षी विक्रम राजभर ह्य/श राजेन्द्र राजभर ऋश चितारामहमूदपुर थाना दीदारगंज जनपद आजगमढ़ द्वारा वादी मुकदमा की बहन को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है, के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 294/23 धारा 363, 366 भादवि बनाम विक्रम राजभर पुत्र राजेन्द्र राजभर ग्राम चितारामहमूदपुर थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ पंजीकृत हुआ था जिसमें अभियुक्त उपरोक्त फरार चल रहा था। शुक्रवार को उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विक्रम राजभर ह्य/श राजेन्द्र राजभर ऋश चितारामहमूदपुर थाना दीदारगंज जनपद आजगमढ़ को भादो मोड़ के पास से समय 09.45 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया ।

### दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



आजमगढ ।(पी एम ए) 08.11.2023 को वादिनी मुकदमा थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ ने थाना स्थानीय पर लिखित तहरीरी सूचना दिया गया कि विपक्षी अयोध्या पुत्र हरिचरन उम्र 22 वर्ष ग्राम डंडारी थाना जैतपुर थाना जनपद अम्बेड़कर नगर द्वारा वादिनी/पीड़िता को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाया गया तथा शादी करने से इन्कार किया गया, के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 369/23 धारा 376 भादवि बनाम 1.अयोध्या पुत्र हरिचरन ग्राम डंडारी थाना – जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। शुक्रवार को व0उ0नि0 पवन कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अयोध्या पुत्र हरिचरन उम्र 22 वर्ष ग्राम डंडारी थाना जैतपुर थाना जनपद अम्बेड़कर नगर को पखनपुर मोड़ के पास से समय सुबह 08.00 बजे गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्याया0 किया गया।

### 15 दिन से गायब लड़की का नहीं मिला सुराग

अलीगढ़। अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र में 15 दिन पहले गायब हुई नाबालिग लड़की का अभी पता नहीं चल पाया है। लड़की के परिजनों ने खैर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी और गांव के ही युवक पर उनकी बेटी को गायब करने का आरोप लगाया था। अब पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनकी बेटी का भी कुछ पता नहीं चल रहा है। जिसके बाद उन्हें जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। खैर थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी 14 साल की नाबालिग बेटी गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में काम करती थी। 2 नवंबर को वह घर से खेतों में काम करने के लिए निकली थी और उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उन्होंने आरोप लगाया कि खेत मालिक ही उनके बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया है। जब उनकी बेटी वापस नहीं लौटी तो उन्होंने खेत मालिक से उसके बारे में पता लगाने की कोशिश की। लेकिन आरोपियों ने उन्हें वहां से भगा दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि वह अपनी बेटी के लिए काफी परेशान है और 15 दिन बाद भी पुलिस उनकी बेटी का पता नहीं लगा पाई है। इसलिए उसने एसएसपी से गुहार लगाई है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी के गायब हुए 15 दिन हो गए हैं।

# स्वच्छता और सुरक्षा का मानक बने छठ महापर्व : मुख्यमंत्री

## आम जन से मुख्यमंत्री की अपील, सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें न



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी छठ पर्व को स्वच्छता और सुरक्षा के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा/अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां/जलाशय दूषित न हों। लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक म प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1-2 बजे से ही श्रद्धालुओं/व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। नदी/जलाशय घाटों की साफ-सफाई करा लें और ट्रैफिक प्रबंधन भी किया जाए। नगर विकास मंत्री, महापौर लखनऊ, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसडीजी कानून-व्यवस्था, प्रमुख सचिव नगर विकास, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व नगर आयुक्त लखनऊ के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छता के दृष्टिगगत स्वच्छ घाट प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए। पर्व पर आतिशबाजी की परंपरा है, ऐसे में यह ध्यान रखें कि भीड़ भाड़ के बीच आतिशबाजी न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाए। इस अवसर पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ की दैनिक सफाई व्यवस्था की समीक्षा भी की और निर्देश दिए कि राजधानी को उसकी गरिमा के अनुरूप स्वच्छ रखा जाना चाहिए। सफाईकर्मियों का भुगतान समय पर हो जाए।

## केजरीवाल सिर्फ झूठ ही बोलते है : ब्रजभूषण

गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी सांसद ब्रजभूषण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अनर्गल टीका टिप्पणी करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने के लिये जीवन में सिर्फ झूठ का सहारा लिया है। सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अन्ना आंदोलन को ढाल बना कर सत्ता के गलियारे में कदम रखने वाले केजरीवाल ने झूठ बोल बोल कर दिल्ली की कुर्सी हथिया ली। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा मां लक्ष्मी पर दिये गये अपमानजनक बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये उन्होने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुप्पी पर हैरानगी जतायी और कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। ओमप्रकाश राजभर द्वारा राजनेताओं पर दिये गये आपत्तिजनक बयान को आड़े हाथों लेते हुये उन्होने कहा राजभर जो बोल रहे है वे स्वयं के लिये बोल रहे है क्योंकि जाकि रही भावना जैसी ......।

## कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण को अब हर माह बैठक करेंगे अधिकारी

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को रहने और निवेश के लिए सबसे सुरक्षित स्थान बनाने के साथ-साथ कार्य करने के लिए भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार के अधीन काम करने वाले राज्य कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने राज्य सरकार के समस्त अधिकारियों को अपने अधीन काम कर रहे कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की मांग एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह कम से कम एक बार बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में अधिकारी न सिर्फ कर्मचारी और कर्मचारी संगठनों की समस्याओं और मांगों को सुनेंगे, बल्कि उनका निस्तारण भी सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की ओर से पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं और अब नियमित रूप से इस पर कायर्वाही सुनिश्चित करने को कहा गया है।


मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को इस विषय से अवगत कराते हुए निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्गत सुस्पष्ट निर्देशों के उपरांत भी शासन स्तर पर उच्चाधिकारियों के समक्ष विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा समय-समय पर सेवा संबंधी प्रकरण मांग-पत्र प्राप्त होते रहते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कर्मचारी संगठनों की मांगों पर विभागाध्यक्ष स्तर पर समाधान और अनुश्रवण की प्रभावी कार्यवाही नही हो पा रही है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग से सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संपर्क करते हैं।

## बहराइच में युवती के साथ दरिंदगी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के जरवल रोड क्षेत्र में ई-रिक्शा से अपने घर जा रही एक युवती के साथ चालक और एक अन्य ने दरिंदगी की। युवती को शुक्रवार सुबह जिला महिला अस्पताल में छोड़कर चालक फरार हो गया। डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सिटी थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवती के मां की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती थाना हुजूरपुर क्षेत्र में स्थित गांव में अपने मामा के यहां दो माह से रह रही थी। गुरुवार को युवती अपने घर के लिए एक ई-रिक्शा पर बैठी। कैसरगंज कस्बे में युवती ई-रिक्शा से उतरकर अपनी चाची के आने का इंतजार करने लगी। पहले से हुई बातचीत के अनुसार युवती को चाची कैसरगंज में मिलती वहां से युवती उनके साथ अपने गांव जाती। जब कैसरगंज में सड़क के किनारे युवती चाचा का इंतजार कर रही थी उसी समय युवती को हुजूरपुर से लाने वाला ई रिक्शा चालक फिर पहुंच गया। ई-रिक्शा चालक ने युवती के परिजनों को अपना परिचित बताते हुए उसे झांसे में लिया। ई-रिक्शा चालक ने यह भी कहा कि कैंसरगंज से कुछ दूरी पर उसका मकान है, चलकर वही इंतजार करें। परिजनों के आने पर वह उन्हें घर पर ही बुला लेगा। युवती ई-रिक्शा चालक के झांसे में आकर उसके घर चली गयी।

# हिस्ट्रीशीटर की हत्या करके घर के पास फेंकी लाश

## मेरठ पुलिस के रिकॉर्ड में था वांछित, 10 मुकदमे दर्ज; बड़े भाई ने झगड़े में मारी थी ईट




मेरठ। मेरठ में गुरुवार रात हिस्ट्रीशीटर राहुल की ईंट से पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद लाश को घर से कुल 50 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे फेंक दिया गया। बताया जा रहा है कि हिस्ट्रीशीटर राहुल पुलिस रिकॉर्ड में वांछित था। पुलिस के अनुसार बड़े भाई राजू ने ही रंजिशन छोटे भाई की हत्या की है। हत्या के बाद से बड़ा भाई फरार है।

हिस्ट्रीशीटर राहुल करीब 30 साल का था। वो कंकरखेड़ा इलाके में रहता था। हत्या के बाद लाश उसके घर सरधना रोड गली नंबर दो के पास ही फेंकी गई है। राहगीरों ने जब नाले में लाश पड़ी देखी तो कंकरखेड़ा थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस के मुताबिक, राहुल के सिर में गहरी चोटों के निशान थे। परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए लाश को भेजा है।

### कुछ समय पहले ही बेची थी जमीन

बताया जा रहा है कि मरने वाले राहुल का अपने भाई से भी विवाद चल रहा था। मृतक राहुल पर चोरी, जानलेवा हमला समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। कंकरखेड़ा पुलिस के मुताबिक, राहुल नशे का आदि था। उसने कुछ समय पहले अपने हिस्से में आई सभी जमीन बेच दी।

### लाश से दूर मिली ईंट, सीडीआर भी खंगाल रही पुलिस

फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की है। पुलिस को वहीं दूरी पर ईंट भी पड़ी मिली। जिसे फोरेंसिक टीम ने कब्जे में लिया और ईंट को कब्जे में लेकर सील कर दिया। कंकरखेड़ा थाने के एसएसआई कृष्णपाल सिंह का कहना है कि सर्विलांस और सीडीआर के माध्यम से जांच की जा रही है। फिलहाल मामला संदिग्ध लग रहा है।

# नहाय खाय के साथ शुरु हुआ सूर्योपासना का महापर्व



लखनऊ। सूर्योपासना का महापर्व 'डाला छठ' पूरे उत्तर प्रदेश में कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से नहाय खाय के साथ शुरु हो गया।

लखनऊ,गोरखपुर,महराजगंज,देवरिया,कुशीनगर,भदोही,वाराणसी और प्रयागराज समेत समूचे राज्य में महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को स्नान ध्यान कर महिलाओं ने सात्विक भोजन ग्रहण किया। सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए रखे जाने वाले इस चार दिवसीय पर्व पर भगवान सूर्य की आराधना का विधान है। आराधना के पहले दिन महापर्व का सात्विक भोजन जिसमें कद्दू और लौकी की सब्जी, चने की दाल तथा हाथ की चक्की से पीसे हुए गेहूं के आटे की पूड़ी ग्रहण कर नहाए खाए के साथ पर्व का शुभारंभ किया गया। अगले दिन शनिवार को सायंकाल स्नान ध्यान के पश्चात प्रसाद ग्रहण करते हैं, जो धातु या मिट्टी के बर्तनों में बनाया जाता है। प्रसाद के रूप में नए चावल से बने गुड़ की खीर ग्रहण किया जाता है। जिसे प्रसाद के रूप में अन्य भक्तों में भी वितरित किया जाता है। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के तत्पश्चात षष्ठी के दिन सायंकाल अस्ताचल (अस्त होते हुए सूर्य) को पूर्ण श्रद्धा भाव से अर्घ्य देकर उनकी पूजा की जाएगी,पूजन के अंतर्गत भगवान सूर्य देव को बड़े आकार के सूप व डलिया में पूजन सामग्री सजाकर साथ ही विविध प्रकार के ऋतु फल, व्यंजन, पकवान जिसमें शुद्ध देसी घी का गेहूं के आटे तथा गुड़ से बना हुआ ठेकुआ प्रमुख होता है। भगवान सूर्य देव को अर्पित किया जाता है,भगवान सूर्य देव की आराधना के साथ ही षष्ठी देवी की प्रसन्नता के लिए उनकी महिमा में गंगा घाट, नदी या सरोवर तट पर लोकगीत का गायन का विधान है जो रात भर चलता है। मान्यता है कि रात्रि जागरण से जीवन में नई ऊर्जा के साथ अलौकिक शांति की प्राप्ति होती है। अंतिम दिन 20 नवंबर को प्रात: काल उगते सूर्य देव को धार्मिक विधि-विधान से अर्घ्य देकर छठ व्रत का पारण किया जाएगा।

यह व्रत मुख्य रुप से महिलाएं ही करती हैं,महिलाए अधिक से अधिक लोगों के शुभ व मंगल कल्याण की भावना अपने मन में रखते हुए भक्तों को प्रसाद वितरण करती हैं। जिससे जीवन में सुख, समृद्धि व सौभाग्य बना रहे।

## यूपी में अपराध, भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ा : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया है।

यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री का जीरो टॉलरेंस महज जुमला बनकर रह गया है। अपराधी पूरी तरह बेलगाम हैं। यहां तक कि खाकी वर्दी को धमकाने और उनकी पिटाई करने में भी उन्हें भय नहीं है।

उत्तर प्रदेश में अवांछित तत्वों की बढ़ती सक्रियता भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल रही हैं। ऐसी अराजक स्थिति उत्तर प्रदेश में कभी भी नहीं रही है। उन्होने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर उत्तर प्रदेश की बदनामी बढ़ती जा रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब उन्हें अपमानित और लांछित न किया जाता हो। पिछले दो दिनों में कल्याणपुर में एक युवती को अगवाकर कन्नौज में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया गया। फतेहपुर में एक 17 वर्षीय युवती की गुमशुदगी दर्ज हुई। लखनऊ के चिनहट इलाके में एक बच्ची को अगवाकर उससे दुराचार किया गया।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी में ठगी और खासकर साइबर ठगी का जाल फैलता ही जा रहा है।

## सात करोड़ से संवरेंगी पुलिसकर्मियों की आवासीय सुविधायें, धनराशि जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय भवन, हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए सात करोड़ 41 लाख रूपये से अधिक की धनराशि जारी कर दी है। प्रमुख सचिव गृह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत देवरिया के थाना सुरौली के आवासीय भवनों के निर्माण के लिये दो करोड़ 64 लाख 95 हजार रूपये की धनराशि जारी की गयी है वहीं बाराबंकी के थाना जहॉगीराबाद में 48 क्षमता के हास्टल/बैरक एवं एक विवेचना कक्ष के निर्माण के लिये एक करोड़ 12 लाख 53 हजार रूपये के आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते चन्दौली के महिला थाना के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य के लिये एक करोड़ 33 लाख 95 हजार रूपये व जनपद चित्रकूट के तहसील मऊ में अग्निशमन केन्द्र के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिये 51 लाख 26 हजार रूपये की धनराशि जारी की गयी है।

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाले तीन आरोपी अरेस्ट

## वाराणसी में मदद के बहाने कार्ड बदलकर करते थे फ्रॉड



वाराणसी। वाराणसी कमिश्नरेट की शिवपुर पुलिस ने शुक्रवार को एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। ये लोग एटीएम मशीन में पट्टी लगाकर लोगों का पैसा मशीन में फंसा देते थे और फिर मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करते थे। गिरोह के तीन सदस्यों को नगदी और चोरी के एटीएम समेत गिरफ्तार किया, आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

एसीपी कैंट अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों साइबर ठगी और एटीएम बदलने की शिकायतों के बाद जांच में जुटी शिवपुर पुलिस ने शिवपुर रेलवे स्टेशन के पास तीन व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दबोचा। इनके पास कुल 4 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड बरामद हुए। काली टेप पट्टी और 21हजार रुपये नगद भी मिले।

सभी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया और पूछताछ में नकदी के साथ एटीएम मशीन में लोगों की मदद करने के नाम पर एवं मशीन में धोखे से लोगों का पैसा निकाल कर ठगी करने की बात कबूली।

आरोपियों में गाजीपुर के सोनार टोला जमानियां निवासी प्रफुल्ल कुमार पटेल, आजमगढ़ के मेहनाजपुर के खुजरा निवासी मो. सब्बीर, जौनपुर के चंदवक के अमरौना निवासी अमिताभ उर्फ अमताब शामिल हैं।

### तीनों आरोपियों पर केस, पहले भी जा चुके जेल

एसीपी के अनुसार जांच में पता चला कि सब्बीर पर पहले से 15 केस, प्रफुल्ल पर तीन केस, अमिताभ पर छह केस पहले से दर्ज हैं। तीनों के पास से चार एटीएम कार्ड, 21 हजार रुपये बरामद किया गया है। तीनों जयपुर, दिल्ली, प्रयागराज समेत कई शहरों में ठगी कर चुके हैं।

## बनकटी व भूड़ा गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जोरदार स्वागत

### अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा लक्ष्य : डीडीओ

लखीमपुर खीरी। (पी एम ए) जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पलिया ब्लॉक के बनकटी और भूड़ा गांव में पहुंची। यहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रों को उससे लाभान्वित कराया गया। बतौर नोडल अधिकारी डीडीओ दिनकर विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए।

जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा की स्वाधीनता को स्मरण कर डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व पीओ यूके सिंह ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया।

डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, उनकी कहानी उनकी जुबानी सुनी जाय। डीडीओ ने उपस्थित जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।

दोनों जनजातीय गांव में आईईसी रथ के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजातीय क्षेत्र के लिए किए कार्यों से संबंधित वीडियो का प्रसारण भी हुआ। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, आधार नामांकन जैसी सेवाएं भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदान की गई। यह वैन (रथ) गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं के बारे में बताते हुए उनसे जुड़ने एवं अपने जीवन को संवारने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई। विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध करते हुए उनका न केवल आवेदन प्राप्त किया बल्कि उन्हें लाभान्वित किए जाने पर भी काम हुआ। इस मौके पर सैम श्रेणी के लिए चिन्हित बच्चों को पोषण पोटली (सुपोषण किट) प्रदान की

### बिरसा मुंडा से लें प्रेरणा, लोकतंत्र को बनाए सशक्त : पीओ

जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि लोगों को आजादी के महानायक भगवान विरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

## पुलिस कमिश्नर व डीएम ने डाला छठ एवं देव दीपावली के तैयारी की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

वाराणसी।(पी एम ए) पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन व जिलाधिकारी एस. राजलिगम शुक्रवार को दशाश्वमेध घाट पर डाला छठ एव देव दीपाली की तैयारियों की समीक्षा किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पूजा शुरू होने से पहले बेहतर साफ-सफाई का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा की घाट के पास कच्चे घाट को समतल कराए जाने/बैरिकेडिंग, घाट किनारे बने हुए स्थाई चेंजिंग रूम की उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था, आवश्यकतानुसार श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम बनाए जाने के कार्यों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट किनारे लगी सभी स्ट्रीट लाइटों को चेक कराकर तत्काल दुरूस्त कराएं। मोबाइल टॉयलेट के बाहर साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर ने अस्सी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी घाटों पर लाइट प्रकाश की व्यवस्था सही ढंग से होना चाहिए किसी भी प्रकार का कोई प्रॉब्लम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान एम्बुलेंस की व्यवस्था हो।

## शार्ट न्यूज

### इरेडा का आईपीओ खुलेगा 21 नवंबर को

अहमदाबाद । अवसंरचना वित्त कंपनी दर्जा प्राप्त गैर-जमा लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी इंडियन रिन्यूबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 नवंबर को खुलेगा। कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा है कि कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 21 नवंबर मंगलवार को खुलेगा और 23 नवंबर गुरुवार को बंद होगा। शेयर का मूल्य दायरा 30 रुपये प्रति शेयर से 32 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशक न्यूनतम 460 इक्विटी शेयर्स के लिए और उसके बाद 460 इक्विटी शेयर्स के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। इस ऑफर में 403,164,706 इक्विटी शेयरों तक के नए शेयर जारी किये जायेंगे और 268,776,471 शेयरों तक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है जो कुल मिलाकर 671,941,177 शेयर तक है।

### टाटा टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा

अहमदाबाद। वैश्विक इंजीनियरिंग और उत्पाद विकास डिजिटल सर्विसेज कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 नवंबर को खुलेगा और 24 नवंबर को बंद होगा। कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा है कि कंपनी ने 60,850,278 इक्विटी शेयरों ('ऑफर') तक का अपना आईपीओ 22 नवंबर बुधवार को खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव 24 नवंबर शुक्रवार को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली लगाने की तारीख 21 नवंबर मंगलवार है। ऑफर का प्राइस बैंड 475 रुपये प्रति इक्विटी शेयर से 500 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 30 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 30 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती है। कंपनी के आईपीओ में नकद के लिए 60,850,278 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है। ऑफर में (ए) टाटा मोटर्स लिमिटेड के 46,275,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री, (बी) अल्फा टीसी होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड के 9,716,853 इक्विटी शेयरों की बिक्री और (सी) टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड द्व के 4,858,425 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री शामिल है।

### होण्डा ने लाँच की की नई 'सीबी350'

नयी दिल्ली। प्रीमियम मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल सेगमेन्ट में अपनी स्थिति का मजबूत बनाते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज नई रेट्रो-क्लासिक सीबी350 का लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 199900 रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि टेक्नोलॉजी और परफोर्मेन्स के शानदार संयोजन तथा टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन में तैयार की गई होण्डा सीबी350 की उपभोक्ता अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुकिंग कर सकते हैं और जल्द ही डिलीवरी शुरू कर दी जाएगी। उसने कहा कि नई सीबी350 के लॉन्च के साथ अपनी मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल रेंज का विस्तार किया गया है। इस रेट्रो क्लासिक मोटरसाइकिल का लॉन्च नए उपभोक्ताओं को तेज़ी से बढ़ते सीबी परिवार में शामिल होने के लिए उत्साहित करेगा। नई सीबी350, होण्डा के आइकोनिक स्टाइलिंग मूल्यों के साथ टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन का संयोजन है। कला और शक्ति का संयोजन यह मोटरसाइकिल बीते युग की भव्यता का प्रमाण है, जिसे आज के राइडरों के लिए नया आयाम दिया गया है। सीबी350 माचो लुक और मस्कुलर फ्यूल टैंक के साथ आती है।

### फेडरल बैंक ने पेश किया यूपीआई लाइट, छोटे पेमेंट को बनाएगा बेहद आसान

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने ऑनलाइन नेटवर्क पर छोटे मूल्य के डिजिटल लेनदेन के लिए यूपीआई लाइट लॉन्च की सुविधा शुरू की है । उल्लेखनीय है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनपीसीआई)ने पिछले दिनों यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का आसान संस्करण यूपीआई लाइट' प्रस्तुत किया था। फेडरल बैंक के कार्यकारी निदेशक शालिनी वॉरियर कहती हैं, यूपीआई देश में हो रही डिजिटल क्रांति का केंद्र बिंदू है। यूपीआई लाइट' ग्राहकों को एक तेज, बहुत कारगर और किफायती नकद लेनदेन का विकल्प उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि फेडरल बैंक यूपीआई लाइट लॉन्च करके ग्राहकों को एक बड़ी डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने में दूसरी बैंकों से आगे है। यूपीआई लाइट में दैनिक लेन-देन की सीमा अधिकतम 500 रुपए,, दैनिक भुगतान की सीमा 4,000 रुपए और अधिकतम बैलेंस की सीमा 2000 रुपए है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में कमी आने से 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.8 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 522 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 45.5 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.01 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 30 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### साऊथ इंडियन बैंक आयोजित कर रही एसआईबी इग्नाइट : क्विजेथॉन

नयी दिल्ली। साऊथ इंडियन बैंक राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतिस्पर्धा एसआईबी इग्नाइट क्विजेथॉन' आयोजित कर रही है। इसकी घोषणा आज की गई। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए है। इसका उद्देश्य कॉलेज छात्रों के सामान्य और विविध विषयों का ज्ञान बढ़ाना है। बैंक ने कॉलेज में सभी विषयों की पढ़ाई कर रहे छात्रों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। क्विजेथॉन में छात्रों से वर्तमान घटनाक्रम के साथ खेल, बिजनेस, तकनीकी, कला, इतिहास और भूगोल जैसे विषयों से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के आठ रीजन में आयोजित की जाएगी। बैंक अनुसार सभी रीजन और कॉलेज को बराबर प्रतिनिधित्व देने के लिए हर कॉलेज से अधिकतम दो ही टीमों को आमंत्रित किया गया है। पूरी क्विजेथॉन' तीन हिस्सों में आयोजित होगा। पहले चरण में प्रारंभिक योग्यता दौर को ऑनलाइन आयोजित किया है। इसमें देशभर की टीम हिस्सा ले सकेंगी। दूसरे चरण के लिए हर रीजन से पात्र आठ टीमें झोनल स्तरीय प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेंगी। झोनल लेवल की प्रतिस्पर्धा व्यक्तिगत होगी।

### जलवायु परिवर्तन की दिशा में पहल करने वालों की सूची में आठ भारतीय

नई दिल्ली। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और ओला इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल सहित आठ भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों को टाइम पत्रिका की ओर से तैयार जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में पहल करने वाले दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं की पहली सूची में शामिल किया गया है। टाइम 100 क्लाइमेट सूची में दुनिया भर के सीईओ, संस्थापक, परोपकारी, संगीतकार, नीति निर्माता और सरकारी अधिकारी शामिल किए गए हैं। यह सूची 30 नवंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से पहले जारी की गई है। बंगा और अग्रवाल के साथ, द रॉकफेलर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव जे शाह; बोस्टन कॉमन एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक और अध्यक्ष गीता अय्यर, अमेरिकी ऊर्जा ऋष्टा कार्यक्रम विभाग कार्यालय के निदेशक जिगर शाह; मनोज सिन्हा, हस्क पावर सिस्टम्स के सीईओ और सह-संस्थापक; कैसर परमानेंट के पर्यावरण प्रबंधन की कार्यकारी निदेशक सीमा वाधवा और महिंद्रा लाइफस्पेस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित कुमार सिन्हा भी इस सूची में शामिल हैं।

# मेगा ई-ऑक्शन में औद्योगिक व कमर्शियल प्लॉट्स की नीलामी के लिए लगेगी करोड़ों की बोली

## उत्तर प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्लॉट आवंटन के जरिए आर्थिक व औद्योगिक विकास को गति देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियल डॉलर की इकॉनमी बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की आर्थिक व औद्योगिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रदेश को प्रगति के पथ पर गतिमान बनाए रखने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है जिस पर कार्य जारी है। राज्य के सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं और इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) भी एक महत्वपूर्ण प्रयास करने जा रही है। यूपीसीडा की ओर से प्रदेश भर के कई इंडस्ट्रियल रीजंस में आर्थिक व औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मेगा ई-ऑक्शन का आयोजन किया जा रहा है। खास बात ये है कि इस मेगा ई-ऑक्शन में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मुख्य औद्योगिक क्षेत्रों के साथ ही उपेक्षित क्षेत्रों को भी प्रमुखता दी गई है। दो चरणों में होने वाले इस मेगा ई-ऑक्शन में कुल 167 प्लॉट्स की नीलामी के लिए करोड़ों की बोली लगने की उम्मीद है। जिन जिलों के संबंधित औद्योगिक क्षेत्रों के भूखंडों की इस नीलामी प्रक्रिया में बोली लगने की उम्मीद है उनमें झांसी, गाजियाबाद, अमेठी, अयोध्या, अलीगढ़, बरेली, संभल, हमीरपुर, शाहजहांपुर, मथुरा, बागपत, हापुड़, प्रयागराज, सहारनपुर, हरदोई, आगरा, कानपुर, ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव, एटा, हरदोई, बाराबंकी व मेरठ प्रमुख हैं। यूपीसीडा की ओर से मेगा ई-ऑक्शन की प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा किया जा रहा है। पहले चरण के अंतर्गत 20 नवंबर को 114 इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के आवंटन के लिए ई-ऑक्शन निर्धारित किया गया है। वहीं, दूसरे चरण में 29 नवंबर को 53 औद्योगिक व कमर्शियल प्लॉट्स की नीलामी के लिए करोड़ों की बोली लगाई जाएगी। खास बात ये है कि विभिन्न केटेगरी के प्लॉट्स की नीलामी प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए मेगा ई-ऑक्शन में एक ओर जहां 200 स्क्वेयर मीटर के छोटे प्लॉट्स के लिए बोली लगाई जाएगी, वहीं, शाहजहांपुर में 62474.70 स्क्वेयर मीटर के इंडस्ट्रियल प्लॉट की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि बरेली रीजनल ऑफिस के तत्वावधान में शाहजहांपुर के जी.सी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित 62474.70 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट को इस नीलामी प्रक्रिया का सबसे बड़ा भूखंड माना जा रहा है जिसका रिजर्व्ड प्राइस 8.88 करोड़ रुपए रखा गया है। यह इस पूरी नीलामी प्रक्रिया का दूसरा सबसे महंगा प्लॉट माना जा रहा है।

### ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में पेट्रोल-सीएनजी पंप की स्थापना के लिए लगेगी बोली

मेगा ई-ऑक्शन में जो प्लॉट सबसे ज्यादा रिजर्व्ड प्राइस का निर्धारित किया गया वह ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर 1 में स्थित है। इस प्लॉट का इस्तेमाल पेट्रोल-सीएनजी पंप की स्थापना के लिए किया जाएगा और प्राइम लोकेशन पर होने के कारण यह एक बड़ा कमर्शियल एक्टिविटी रिलेटेज प्लॉट साबित होगा। उल्लेखनीय है कि इस ई-ऑक्शन में विशेष तौर पर बुंदेलखंड में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खास तौर पर फोकस किया गया है। इसी उद्देश्य से मेगा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के अंतर्गत झांसी रीजनल ऑफिस के तत्वावधान में आने वाले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों (जिनमें हमीरपुर का सुमेरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, जालौन व उरई प्रमुख हैं) में कुल 16 प्लॉट्स की नीलामी होगी। इसी तरह, आगरा जोन के मथुरा स्थित कोसी कोतवन इंडस्ट्रियल एरिया में 38 व मैनपुरी में एक, अलीगढ़ रीजन में 10, बरेली जोन में 8, प्रयागराज के नैनी में एक, लखनऊ जोन में 16 (जिसमें संडीला इंडस्ट्रियल एरिया व बाराबंकी के एग्रो पार्क में रिक्त प्लॉट्स प्रमुख हैं), अलीगढ़ जोन में 10, गाजियाबाद में 5 व कानपुर जोन में 16 इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के लिए बोलियां लगेंगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर एमएसएमई, टॉय और हैंडीक्राफ्ट पार्क में लगेंगी 109 नई इंडस्ट्री

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कुल 109 भूखंडों के आवंटन के लिए निकाला ड्रॉ

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे पर नई योजनाओं के माध्यम से योगी सरकार विकास की रफ्तार को और तेज करने में जुटी है। इसी क्रम में शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा में बन रहे एमएसएमई, टॉय और हैंडीक्राफ्ट पार्क में कुल 109 भूखंडों के आवंटन के लिए ड्रॉ का आयोजन किया। इस ड्रॉ के माध्यम से प्राधिकरण ने कुल 16,498 करोड़ रुपए का निवेश जुटाया है। इससे 5 हजार से ज्यादा रोजगार का सृजन होगा। ड्रॉ में भूखंड पाने वाले भाग्यशाली एंटरप्रेन्योर्स को प्राधिकरण 6 माह में भूखंड का पजेशन देगा जिस पर वह अपने उद्यम लगा सकेंगे।

### 6 माह में मिलेगा पजेशन

ड्रॉ के सफल आयोजन पर खुशी जताते हुए यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरूणवीर सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत 4 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंडों के लिए ड्रा निकाला गया। इसमें 300 वर्ग मी. से लेकर 4000 वर्ग मी. क्षेत्रफल के भूखंड शामिल थे। यह भूखंड सेक्टर 29, 32 और 33 में स्थित हैं जो एमएसएमई, टॉय और हैंडीक्राफ्ट पार्क से जुड़े हैं। यहां पर पहले से ही विकास कार्य किए जा रहे हैं। काफी बड़ी संख्या में निवेशकों ने इसमें रुचि दिखाई है। ड्रा के दौरान उनकी एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी यहां मौजूद थे। इस ड्रा में सफल हुए सभी लोगों को बधाई देता हूं और यीडा में अपनी इंडस्ट्री लगाने के लिए उन्हें आमंत्रित करता हूं। हमारा प्रयास होगा कि आगामी 6 माह में हम उन्हें पजेशन दे सकें।

### स्टार्ट-अप के लिए भी 4 भूखंडों पर निकाला ड्रॉ

योजना के तहत पी-3 स्थित सामुदायिक केंद्र में स्थित कुल 109 भूखंडों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें कुल 3276 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 3234 को अर्ह पाया गया है।

109 भूखंडों में 105 जनरल, जबकि 4 स्टार्ट अप श्रेणी में रहे। जनरल श्रेणी में 3095 अर्ह आवेदक तो स्टार्ट-अप श्रेणी में कुल 139 अर्ह श्रेणी के अर्ह आवेदकों ने बोली में हिस्सा लिया। जिन भूखंडों पर बोली लगी, उसमें टॉय पार्क के लिए कुल 5, हैंडीक्राफ्ट, ओडीओपी, हैंडलूम और फर्नीचर के लिए कुल 41 और एमएसएमई के लिए 63 भूखंड शामिल थे।

# अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और विमानन सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया (एईएसआई) द्वारा शनिवार को यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में '2047 में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और विमानन' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वीके सिंह (सेवानिवृत्त) और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

इस सम्मेलन का आयोजन एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की उत्कृष्टता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और विमानन क्षेत्र की यात्रा के 75 वर्षों के सार-संग्रह के साथ-साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 का विमोचन भी किया जाएगा।

इस आयोजन के माध्यम से पिछले 75 वर्षों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और विमानन क्षेत्र में भारत की सफलता पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, जिसमें उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति और दूरदर्शी व्यक्तियों की भूमिका का उल्लेख किया जायेगा।

कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप और विद्यार्थियों सहित लगभग 1,500 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

इस दौरान 75 से अधिक स्टार्ट-अप के साथ ही करीब 200 औद्योगिक इकाईयां और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रदर्शनी में स्वदेशी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे।

## व्यापार मेला : कोयला क्षेत्र में की गई प्रगति की झांकी प्रस्तुत कर रहा है कोल इंडिया मंडप

नयी दिल्ली। कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रगति मैदान में चल रहे भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईएफटी) 2023 में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के प्रदर्शनी मंडप का शुक्रवार को दौरा किया और कोयला क्षेत्र के विकास में देश की इस महारत्न कंपनी के प्रयासों की सराहना की। मीणा के साथ अपर सचिव विस्मिता तेज और मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी थे। मीणा ने कोल इंडिया के प्रयासों की सराहना करते हुए और सीआईएल से भारत के कोयला क्षेत्र की प्रगति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए पहल करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मंडम में लगी झांकियों में कोल इंडिया के विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी विकास के प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कंपनी के कार्यों को भी दर्शाया गया है। मंडप में पिछले दशक में कोल इंडिया की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया, जिसमें देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय स्थिरता और आस-पास के समुदायों के कल्याण के प्रति समर्पण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। इसमें दर्शाया गया है कि कैसे कोलडैशबोर्ड जैसे लाइव पोर्टल सहायक कंपनी के साथ-साथ नए शामिल वाणिज्यिक खनिकों द्वारा कोयला उत्पादन और ऑफ-टेक की तत्काल की स्थिति दिखाते हैं। कंपनी का एक अन्य पोर्टल, उत्तम सीआईएल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर प्रकाश डालता है। मेले में कोयला खान निगरानी प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस) की नागरिक-केंद्रित पहल भी प्रदर्शित की गयी जा रही है, जो किसी भी नागरिक को खनन प्रहरी एप के माध्यम से अपने फोन पर कोयला खान के नजदीक अवैध या संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने की सुविधा देती है। गति शक्ति पोर्टल कोयला खानों की परतों, रेल और सड़क के माध्यम से ऑफ-टेक मार्गों और ओसीबीआईएस को जानने की सुविधा देता है।

# बैंकिंग, तेल एवं गैस समूह में बिकवाली से बाजार गिरा

मुंबई। महंगाई आंकड़ों को ध्यान में रख अगले वर्ष तक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिर गया।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.75 अंक की गिरावट लेकर 65794.73 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.49 अंक उतरकर 19731.80 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 33,380.58 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत चढ़कर 39,598.63 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3864 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1996 में तेजी जबकि 1736 में गिरावट रही वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों हरे जबकि शेष 22 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 0.97, वित्तीय सेवाएं 0.83, आईटी 0.10, बैंकिंग 1.48, धातु 0.14, तेल एवं गैस 1.35 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.49, सीडी 0.63, एफएमसीजी 0.79, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 1.17, ऑटो 0.63, कैपिटल गुड्स 1.29 और रियल्टी समूह के शेयर 0.50 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.88, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 2.12 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 194 अंक लुढ़ककर 65,788.79 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,037.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,639.74 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 65,982.48 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,794.73 अंक पर रहा।


इसी तरह निफ्टी 90 अंक उतरकर 19,674.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,806.00 अंक के उच्चतम जबकि 19,667.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,765.20 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत फिसलकर 19,731.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन दिग्गज कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे उनमें एसबीआई 3.64, एक्सिस बैंक 3.03, बजाज फाइनेंस 1.99, आईसीआईसीआई बैंक 1.45, इंफोसिस 0.43, कोटक बैंक 0.43, विप्रो 0.42, रिलायंस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.30, एचडीएफसी बैंक 0.22, एचसीएल टेक 0.19, टेक महिंद्रा 0.17, एनटीपीसी 0.14, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.09 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, एलटी 1.99, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.62, एशियन पेंट 1.20, पावरग्रिड 1.13, नेस्ले इंडिया 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.83, सन फार्मा 0.40, टाटा स्टील 0.36, मारुति 0.35, आईटीसी 0.17, टाटा मोटर्स 0.13, टीसीएस 0.13, टाइटन 0.09, अल्ट्रासिमको 0.04 और भारती एयरटेल के शेयर 0.01 प्रतिशत के लाभ में रहे।

# ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल की साझेदारी

नयी दिल्ली। ईटीएस की सहायक कंपनी और दुनिया का सबसे बड़ा शैक्षिक मूल्यांकन, अनुसंधान और एसेसमेंट कंपनी ईटीएस इंडिया, टीओईएफएल, जीआरई और एलन ग्लोबल स्टडीज डिवीजन जैसे मूल्यांकन कर्ता ने टीओईएफएल और जीआरई जैसे परीक्षणों में उनकी दक्षता कौशल को और बढ़ाकर एलन ग्लोबल में छात्रों को मजबूत बनाने के लिए एक समझौता किया है।




इस समझौते पर आज यहां हस्ताक्षर किए गये। यह सहयोग छात्रवृत्ति, पंजीकरण भत्ते और एडवांस रिसर्च तैयारी सीखने के समर्थन जैसी कई पहल शुरू करने के लिए तैयार है। ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल मिलकर मेधावी छात्रों को डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ 5,00,000 रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, जीआरई और टीओईएफएल दोनों के लिए एक साथ पंजीकरण कराने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जाएगी।

संयुक्त उद्यम प्रमुख एलन वैश्विक स्थानों पर एक सह-ब्रांडेड 'वॉल ऑफ फेम' की सुविधा देगा और एलन छात्रों को जीआरई और टीओईएफएल परीक्षण शुल्क पर विशेष छूट प्रदान करेगा, साथ ही दोनों परीक्षणों के लिए एक साथ नामांकन करने वालों के लिए अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा।

ईटीएस इंडिया और दक्षिण एशिया के कंट्री मैनेजर सचिन जैन ने कहा, हमें एलन ग्लोबल स्टडीज डिवीजन के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमारे ठोस प्रयास कल के लीडर्स के लिए रास्ते तय करेंगे। हमारे मजबूत परीक्षण प्लेटफार्मों के माध्यम से उनकी शैक्षणिक महत्वाकांक्षाओं और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों को सुविधाजनक बनाएंगे। हम टीओईएफएल और जीआरई परीक्षाओं की सहायता से विदेश में अध्ययन करने के इच्छुक भारतीय छात्रों के सपनों को पूरा करने के लिए अपनी सामूहिक विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, एलन के शानदार नेटवर्क के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

परीक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, एलन ग्लोबल ईटीएस इंडिया पंजीकरण पोर्टल तक पहुंच प्राप्त करेगा, जिससे जीआरई और टीओईएफएल परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए एक आसान यात्रा की सुविधा मिलेगी।

सहयोग में एलन ग्लोबल के शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण, छात्रों के लिए विशेष टीओईएफएल और जीआरई मास्टरक्लास, कंप्लीमेंट्री टीओईएफएल अभ्यास परीक्षा और विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ विशेष वेबिनार जुड़ाव भी शामिल हैं।

एलन ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अमन माहेश्वरी ने कहा, हम ईटीएस इंडिया के साथ अपने सहयोग की शुरुआत की घोषणा करते हुए वास्तव में उत्साहित हैं। यह रोमांचक उद्यम एक साझा यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, और हम उन अवसरों और उपलब्धियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो एक साथ काम करने पर सामने आएंगी। छात्रों को विदेश में अपने अध्ययन और टीओईएफएल या जीआरई तैयारी के सपनों को साकार करने में सहायता करने में ईटीएस की गहन विशेषज्ञता का लाभ उठाने की संभावना हमें बड़ी आशा से भर देती है। यह संस्थागत साझेदारी सिर्फ एक सहयोग से कहीं अधिक का प्रतीक है, यह एक आदर्श बदलाव की शुरुआत करती है, जो दुनिया के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए छात्रों द्वारा अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव का वादा करती है। साथ मिलकर, हम वैश्विक शैक्षणिक लक्ष्य के लिए शैक्षिक तैयारी के संपूर्ण परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने और उन्नत करने की आकांक्षा रखते हैं।

# कैप्सी की 18वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस 24-25 नवंबर को गांधीनगर में

अहमदाबाद। सिक्योरिटी प्रोफेशनलों की एपेक्स बॉडी, सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राईवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (कैप्सी) की 18वीं वार्षिक सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 24-25 नवंबर, 2023 को गांधीनगर में आयोजित होने जा रही है, जिसकी मेजबानी सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ गुजरात (सैग) द्वारा की जाएगी।

यह कॉन्फ्रेंस प्राईवेट सिक्योरिटी के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कार्यक्रम होगी, जिसमें पूरी दुनिया के सिक्योरिटी विशेषज्ञ, प्रोफेशनल्स, और वैचारिक नेतृत्वकर्ता हिस्सा लेंगे। सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 2023 में लगभग 500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनमें यूके की क्लियरस्पीड इंक और नीदरलैंड्स की काउंसिल ऑफ इंटरनेशनल इन्वेस्टिगेटर्स के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि भी मौजूद होंगे। इस कॉन्फ्रेंस में बड़े अभियानों का अनावरण किया जाएगा, जो सभी एक नई राष्ट्रीय सुरक्षा संस्कृति का विकास करने पर केंद्रित होंगे। इस कार्यक्रम द्वारा नेतृत्वकर्ताओं और विशेषज्ञों को सुरक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए मिलकर काम करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन और गठबंधनों का विकास करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा। इस कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वी. के. सिंह और गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी, मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे।

कैप्सी के अध्यक्ष कुँवर विक्रम सिंह ने कहा, "राष्ट्रीय सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने के लिए हम एक सहयोगपूर्ण वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि इस क्षेत्र में वृद्धि संभव हो। इसकी मदद से हम एक सामूहिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे, जो सर्तकता, अनुकूलन क्षमता एवं सहयोग को महत्व दे। अपने इस सक्रिय दृष्टिकोण के साथ हम संभावित जोखिमों को पहचानकर उनके प्रभाव को कम करने के उपायों का क्रियान्वयन कर सकेंगे, ताकि हमारे नागरिकों और राष्ट्र को न केवल भौतिक सुरक्षा मिले, बल्कि उनका कल्याण व समृद्धि भी सुनिश्चित हो।"

## शार्ट न्यूज

### फाइनल में इजरायल भारत के संबंधों को प्रदर्शित करने वाली जर्सी पर मिलेगा पुरस्कार

नयी दिल्ली । इजरायल क्रिकेट विश्वकप में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में दोनों देशों के संबंधों को जर्सीआर्ट के जरिए बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित करने वाले 15 लोगों को पुरस्कृत करेंगा। भारत में इजरायल के राजदूत नोर गिलोन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, क्रिकेट विश्वकप 23 फाइनल – भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया यहाँ हो रहा है और हम सभी टीम इंडिया के लिए तैयार हैं। हमें इजरायल और भारत के बीच संबंधों को प्रदर्शित करने वाली जर्सी पर अपना रचनात्मक कला दिखाएं और आप भाग्यशाली 15 विजेताओं में से एक हो सकते हैं! जर्सीआर्ट का उपयोग करना और इजराइलिनइंडिया टैग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह एक्स संदेश चक दे इंडिया ञबीसीसीआई को भी टैग किया। उल्लेखनीय है कि रविवार को आईसीसी विश्वकप 2023 का फाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुजरात के अहमदाबाद में खेला जायेगा। भारत में क्रिकेट के जूनून को देखते हुए इस तरह की पुरस्कार योजना दोनों देशों के बीच बेहतर खेल संबंधों को दर्शाती है।

### डीकॉक ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने पूर्व घोषणा के अनुसार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में मिली हार के बाद डीकॉक ने संन्यास लिया है, उन्होंने इसकी घोषणा पहले ही कर दी थी कि भारत में इस प्रारुप में उनके अभियान का आखिरी प्रदर्शन होगा। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार व्यक्तिगत प्रयास के बाद डीकॉक का एकदिवसीय करियर सेमीफाइनल चरण में समाप्त हुआ। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया से सेमीफाइनल में हार के बाद डी कॉक के बारे में कहा, वह चीजों को एक अलग तरीके से समाप्त करना चाहते होंगे, लेकिन एक टीम के रूप में हमने जिस तरह की पारी और लड़ाई दिखाई थी, उसे वह याद रखेंगे। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के रूप में हमने सभी वर्षों में उनके साथ खेलने का आनंद लिया है। बावुमा ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में वह खेल के दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। डीकॉक ने इस टूर्नामेंट की दस पारियों में 59.40 की औसत से 594 रन बनाए, जिसमें केवल विराट कोहली ने डी कॉक से अधिक रन बनाए। टूर्नामेंट के आंकड़े दर्शाते है कि डी कॉक ने अपने एकदिवसीय करियर को बेहद प्रभावशाली आंकड़ों के साथ समाप्त किया।

### पूर्व कप्तान धोनी पहुंचे सरोवर नगरी नैनीताल

नैनीताल। भारतीय क्रिकेट जगत के मशहूर खिलाड़ी और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इन दिनों उत्तराखंड के दौरे पर हैं। अपने पैतृक गांव के भ्रमण के बाद वह शुक्रवार को पर्यटक नगरी नैनीताल पहुंचे। माही को माल रोड पर जाम से भी रूबरू होना पड़ा। ऑडी कार में मास्क लगाये धोनी को लोगों और उनके प्रशंसकों ने पहचान लिया जाम में फंसी उनकी कार को घेर लिया। प्रशंसक कार में बैठे धोनी की झलक पाने सेल्फी लेने को आतुर दिखे। इसी बीच कुछ लोगों ने सेल्फी भी खींची। पूर्व कप्तान ने कुछ लोगों से बात भी की। मीडियाकर्मियों को उन्होंने निराश नहीं किया और उनके साथ फोटो खिंचवाई। माना जा रहा है कि वह नैनीताल से दस किमी दूर पंगोट में एक निजी रिसॉर्ट में ठहरेंगे। गौरतलब है कि धोनी विगत मंगलवार को कुमाऊं के दौरे पर पहुंचे। अगले दिन बुधवार को वह अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा के ल्वाली (जैंती) गये। ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही गांव के हरज्यू मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान धोनी के संग उनकी जीवन संगिनी साक्षी भी रही।

### ब्रजभूषण को उम्मीद, कुश्ती संघ चुनाव में रोक हटेगी

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कैसरगंज के भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने उम्मीद जतायी है कि कुश्ती संघ के चुनाव में उच्चतम न्यायालय और चंडीगढ़ हाईकोर्ट द्वारा लगायी गयी रोक हटेगी। श्रीरघुकुल विद्यापीठ के प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित 16वें प्रतिभा सम्मान समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेने आये सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि न्यायालयों द्वारा कुश्ती संघ पर रोक हटाने के बाद यदि यथावत चुनाव प्रक्रिया बहाल हुई तो मतदान के पश्चात् उनके समर्थित उम्मीदवार संजय सिंह ही चुनाव में विजयी होंगे। कुश्ती की बदहाली के लिये उन्होने पहलवानों के धरने को जिम्मेदार ठहराते हुये कहा कि फिर भी उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार संघ के नेतृत्व में बेहतरीन पहलवानों को तैयार किया गया है। भारत को कुश्ती में मेडल अवश्य हासिल होगा। भाजपा सांसद ने कहा कि वे पूर्व में ही संसद में कुश्ती खेल को राष्ट्रीय खेल घोषित करने का प्रस्ताव दे चुके है। उन्होंने राष्ट्रीय खेल के सवाल पर सीधा जवाब देते हुये स्पष्ट किया कि अभी तक भारत में किसी भी खेल को राष्ट्रीय खेल का दर्जा प्राप्त नहीं है। सांसद ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी द्वारा चुनावी रैलियों में उनके नाम लिये जाने के सवाल पर कहा कि संभवत-कांग्रेस नेत्री को उनके मामले की सही जानकारी नहीं दी गयी। इसी कारण वे अनजाने में जंतर मंतर भी पहुंच गयी थी।

### ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरों के लिए मोहम्मद हफीज बने पाकिस्तान के मुख्य कोच

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और नवनियुक्त टीम डायरेक्टर मोहम्मद हफीज को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के लिए क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया गया हैं। पाकिस्तान को दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट और न्यूजीलैंड के साथ पांच टी-20 खेलने हैं। हफीज ने दो साल पहले तक पाकिस्तान की टीम का हिस्सा रहे है और उनके पास कोचिंग का अनुभव नहीं है। इससे पहले बाबर आजम ने विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद तीनों प्रारुप में कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया था और शाहीन शाह अफरीदी और शान मसूद को क्रमश: टी-20 और टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया था। उसी समय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हफीज को टीम डायरेक्टर बनाया था और कहा था कि कोचिंग स्टाफ की भूमिका को फिर तय किया जाएगा। यह भी कहा गया था कि अर्थर या ब्रैडबर्न टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करेंगे। इससे कुछ हद तक यह स्पष्ट हो गया था कि अब कम से कम आगामी दो दौरों के लिए हफीज ही टीम के प्रमुख कोच हैं। हालांकि मुख्य चयनकर्ता का पद अभी भी खाली है और माना जा रहा है कि पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज इसके प्रमुख दावेदार हैं। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 30 नवंबर को रवाना होना है, जहां छह से नौ दिसंबर तक प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ उनका पहला अभ्यास मैच है।

### बुल्गारिया में फुटबॉल प्रशंसकों की पुलिस के साथ झड़प में 14 लोग घायल

सोफिया। बुल्गारिया की राजधानी सोफिया में फुटबॉल प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़प में कम से कम 14 लोग घायल हो गए है। रेडियो बुल्गारिया ने गुरुवार को यह रिपोर्ट दी है कि हंगरी के खिलाफ राष्ट्रीय टीम के साथ खाली स्टेडिमय में खेले जाने वाले मुकाबले को लेकर प्रशंसकों का विरोध प्रदर्शन शुरू किया। प्रदर्शनकारी ने बल्गेरियाई फुटबॉल संघ के नेतृत्व के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस के रोकने पर प्रदर्शन हिंसक झड़प में बदल गया। प्रशंसकों ने पुलिस अधिकारियों पर पत्थर फेंके और पुलिस की ओर से उन्हें रोकने के लिए काली मिर्च स्प्रे और पानी की बौछार की गई। केंद्रीय चिकित्सा केंद्र के प्रमुख कटिया सुंगर्स्का का हवाले से रेडिया ने बताया कि झड़पों में पुलिस अधिकारी और प्रदर्शनकारी दोनों घायल हो गए। उन्होंने 14 घायलों का इलाज किया है। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है और विरोध प्रदर्शन वाले क्षेत्र में दस एम्बुलेंस भेजी गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने कूड़े के डिब्बों में आग लगा दी, दुकानों की खिड़कियां तोड़ दीं और तुर्की दूतावास पर पटाखे और पत्थर फेंके।

# भारत ने कुवैत को दूसरे राउंड के पहले मैच में 1-0 से हराया

कुवैत सिटी। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने जाबेर अल-अहमद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 एएफसी क्वालीफायर के दूसरे राउंड के ग्रुप ए के पहले मैच में मेजबान टीम को 1-0 से हरा दिया है। गुरुवार को खेले इस मुकाबले में भारत की ओर से एकमात्र गोल मनवीर सिंह ने 75वें मिनट ने किया। वहीं, कुवैत के फैजल ज़ैद अल-हरबी को दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में आउट कर दिया गया।

फुटबॉल रैंकिंग में 102वें स्थान पर मौजूद भारत ने अच्छी शुरुआत की और मैच में अपना दबदबा बनाने की पूरी कोशिश की। भारतीय खिलाड़ियों के पास गोल करने के कई मौके थे लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सकें। वहीं, कुवैत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा। भारत के सहल अब्दुल समद के पास 18वें मिनट में पहला बड़ा मौका था लेकिन वह नाकाम रहें।

कुछ समय बाद ही भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने पहला गोल करने की कोशिश की, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा।

27वें मिनट में महेश नाओरेम ने फ्री किक से भारत के लिए गोल का मौका बनाया, जिसे आकाश मिश्रा गोल में तब्दील नहीं कर सके।

दुनिया की 136वीं रैंकिग वाली कुवैत ने फ्री किक हासिल की। अलखाल्डी बॉक्स के अंदर से क्रॉस के जरिए गोल करने की कोशिश की, लेकिन संदेश झिंगन ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया।

भारतीय खिलाड़ियों ने गोल की तलाश में आक्रामक खेल जारी रखा।




लेकिन पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हो सकी।

दूसरे हाफ की शुरुआत दोनों टीमें आक्रामक रही। शुरुआत में ही कुवैत को फ्री किक के माध्यम से गोल करने का मौका मिला। कुवैत के खिलाड़ी फहद अल्हाजेरी ने शॉट लगाया, जो क्रॉसबार से टकरा गया।

इसके बाद भी भारतीय टीम को मौके मिले, लेकिन सफलता नहीं मिली। भारत सुरेश सिंह ने 71वें मिनट में लंबी दूरी से शॉट लगाया, जो क्रॉसबार से ऊपर निकल गया।

75वें मिनट में मनवीर सिंह ने अपनी टीम को बढ़त दिलाई और स्कोर 1-0 कर दिया।

लल्लियानजुआला छांग्ते के शानदार पास को मनवीर सिंह ने आगे बढ़ाते हुए कुवैत के गोलकीपर को चकमा दिया और पहला गोल दागा।

बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम ने खेल में तेजी बनाए रखी। वहीं, कुवैत की टीम वापसी करने की कोशिश नाकाम रही और फैजल ज़ैद अल-हरबी को स्टॉपेज टाइम में लाल कार्ड मिला और कुवैत ने 10 खिलाड़ियों के साथ मैच समाप्त किया। भारत ने इस मैच को 1-0 से जीत लिया।

इसी के साथ भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने इस साल कुवैत के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने जुलाई में 2023 एसएएफएफ चैंपियनशिप फाइनल में फुल टाइम 1-1 से ड्रॉ के बाद, पेनल्टी के जरिए कुवैत को 5-4 से हराया था।

भारत मंगलवार 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में ग्रुप ए के दूसरे मैच में दुनिया के 61वें स्थान पर मौजूद कतर से भिड़ेगा। भारत को ग्रुप ए में एशियन चैंपियन कतर, कुवैत और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। चारों टीमें होम और अवे राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से खेलेंगी।

उल्लेखनीय है कि कि ग्रुप की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप 2026 एएफसी क्वालीफायर के तीसरे राउंड में जगह बनाएंगी, जबकि 2027 एएफसी एशियन कप में सीधे प्रवेश भी हासिल करेंगी।

## लीजेंड्स लीग के लिये भीलवाड़ा किंग्स ने कसी कमर

रांची। पिछले सीजन के उपविजेता भीलवाड़ा किंग्स ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 2 के लिए जबरदस्त तैयारी की है। इस बार के फ्रेंचाइज़ी सीज़न में 19 मैच होने की उम्मीद है और ये 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक चलेंगे। मैच रांची, जम्मू, देहरादून, विशाखापत्तनम और सूरत जैसे विभिन्न भारतीय शहरों में होंगे। भीलवाड़ा किंग्स का मुकाबला गुजरात जाइंट्स, इंडिया कैपिटल्स, मणिपाल टाइगर्स के साथ-साथ सदर्न सुपर स्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस टीम में इरफ़ान पठान, यूसुफ़ पठान और तिलकरत्ने दिलशान जैसे दिग्गज बने हुए हैं इसलिए यह टीम जीत की प्रबल दावेदार है। हाल में हुई नीलामी में 200 से अधिक खिलाड़ियों से 12 चुनिंदा खिलाड़ियों को लेकर भीलवाड़ा किंग्स और भी दमदार टीम बन गई है। भीलवाड़ा किंग्स के सीईओ गुरप्रीत सरीन ने कहा, हम आगामी सीज़न की शुरुआत कर रहे हैं, मुझे विश्वास है कि हमने जो अखंडता, लचीलापन और सौहार्द की नींव बनाई है, वह हमें नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। हमारी टीम की सूक्ष्म संरचना उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और मैं उस सामूहिक भावना को देखने के लिए उत्साहित हूं जो मैदान के अंदर और बाहर भीलवाड़ा किंग्स को परिभाषित करेगी।

## क्रिकेट विश्वकप विजेता टीम को मिलेंगे 40 लाख डॉलर की राशि

एजेंसी

अहमदाबाद। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की विजेता टीम को 40 लाख और उपविजेता टीम को 20 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि पुरस्कार स्वरूप मिलेगी।

वहीं प्रत्येक ग्रुप चरण की जीत के लिए 40 हजार डॉलर निर्धारित की गयी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीमें फाइनल मैच गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलेंगी। दोनों के बीच ग्रुप चरण में एक बार मुकाबला हुआ जिसमें भारत ने जीत दर्ज की है। भारत ने अपने सभी नौ मैच जीतकर अधिकतम 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा है। ग्रुप स्टेज में भारत का नेट रन रेट 2.570 सबसे बेहतर रहा है।

ऑस्ट्रेलिया ने 2003 में जोहान्सबर्ग में हुए फाइनल में मेजबान टीम को 125 रन से हराकर जीत दर्ज की थी।

रविवार को होने वाले फाइनल ऐतिहासिक मुकाबले को दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में देखने के लिए एक लाख से अधिक प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। स्टेडियम 2021 में बनकर पूरा हुआ और इसकी क्षमता एक लाख 32 हजार है। स्टेडियम में पांच अक्टूबर को टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच और 14 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला हुआ था जिसमें मेजबान टीम ने जीत दर्ज की थी।

मेजबान टीम भारत का लक्ष्य 12 साल पहले 2011 में मिली आईसीसी फाइनल मैच जीत को दोहराना होगा।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया सबसे अधिक बार जीत दर्ज की है।

अगर रविवार के मैच में बारिश होने के कारण मैच में खलल पड़ा और नतीजा नहीं निकलता तो मुकाबला आरक्षित दिन में खेला जायेगा।

भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन कर रहा है और उसने ग्रुप चरण में अपने सभी नौ मैच जीते हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाली इस टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है। भारत ने 15 नवंबर के सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 70 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया है।


ऑस्ट्रेलिया ने अपने शुरुआती मैचों में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद वापसी की। इसके बाद उसने नौ में से सात मैचों में जीत हासिल करते हुए 14 अंकों के साथ सेमीफाइनल में क्वालीफाई किया था। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी।

# मोदी ने किया एआई के जिम्मेदाराना उपयोग का आह्वान

नयी दिल्ली। भारत ने विश्व के 130 से अधिक विकासशील देशों को 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के लिए सामूहिक परामर्श, सहयोग, संचार, रचनात्मकता, क्षमता निर्माण के साथ आगे बढ़ने तथा उच्च तकनीक खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदाराना ढंग से उपयोग का आह्वान किया तथा उनके विकास के लिए ज्ञान साझा करने की पहल के साथ एक उत्कृष्टता केन्द्र का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करते हुए ये आह्वान किया और बहुपक्षीय विकास बैंकों में बड़े सुधार करने और विकासशील देशों के लिए टिकाऊ वित्तपोषण देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इज़रायल हमास संघर्ष का भी उल्लेख करते हुए आतंकी हमले और संघर्ष में नागरिकों की मौत की कठोर निंदा भी की।

उन्होंने कहा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ 21वीं सदी की बदलती हुई दुनिया का सबसे अनूठा मंच है। भौगोलिक रूप से ग्लोबल साउथ तो



हमेशा से रहा है। लेकिन उसे इस प्रकार से आवाज़ पहली बार मिल रही है। ये हम सभी के साझा प्रयासों से संभव हुआ है।

हम 100 से ज्यादा अलग-अलग देश हैं, लेकिन हमारे हित समान हैं, हमारी प्राथमिकताएं समान हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष दिसंबर में, जब भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली, तो हमने इस मंच पर ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को आगे बढ़ाना अपना दायित्व माना। हमारी प्राथमिकता थी कि जी-20 को ग्लोबल स्केल पर समावेशी और मानव केन्द्रित बनाया जाए। हमारी कोशिश थी कि जी-20 का फोकस हो - लोगों का, लोगों के लिए और लोगों द्वारा विकास। इसी उद्देश्य से हमने इस वर्ष जनवरी में, पहली बार वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। भारत के अलग-अलग राज्यों में हुई जी-20 की 200 से अधिक बैठकों में हमने ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को प्रमुखता दी। इसका नतीजा रहा कि नयी दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र में ग्लोबल साउथ के विषयों पर हमें सबकी सहमति हासिल करने में कामयाबी मिली।

मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में, ग्लोबल साउथ के हितों को ध्यान में रखकर लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों को साझा करते हुए कहा, मैं वो ऐतिहासिक क्षण भूल नहीं सकता जब भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ को नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली। जी-20 में सबने माना कि बहुपक्षीय विकास बैंकों में बड़े सुधार लाए जाएं, और विकासशील देशों के लिए टिकाऊ वित्तपोषण देने पर जोर दिया जाए। सतत विकास लक्ष्यों, जो पिछले कुछ सालों में सुस्त पड़ गए थे, उनमें तेजी लाने के लिए एक कार्ययोजना भी बनायी गयी। इससे ग्लोबल साउथ के देशों मे चल रहे गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को बल मिलेगा। जी-20 ने इस बार जलवायु वित्तपोषण् पर अभूतपूर्व गंभीरता दिखाई है। ग्लोबल साउथ के देशों के लिए आसान शर्तों पर, जलवायु संक्रमण के लिए वित्तपोषण एवं तकनीक उपलब्ध कराए जाने पर भी सहमति बनी है। जलवायु कार्यवाही के लिए लाइफ यानि पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, इसके उच्च स्तरीय सिद्धांतों को अपनाया गया। इसी शिखर सम्मेलन में वैश्विक जैविक ईंधन गठजोड़ की घोषणा की गयी। यह ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। और हम आशा करते है कि आप सभी इससे जुड़ेंगे।

## चीन ने विदेशी जमीन का एक इंच भी नहीं कब्जाया

**अमेरिका में जिनपिंग बोले- हमारी वजह से कभी नहीं छिड़ी जंग; हम अपनी मर्जी नहीं थोपते**

एजेंसी

सैन फ्रांसिस्को। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि चीन ने स्थापना से लेकर आज तक किसी विदेशी जमीन के एक इंच पर भी कब्जा नहीं किया है। साथ ही चीन की वजह से आज तक किसी जंग की शुरुआत नहीं हुई। जिनपिंग एशिया-पैसेफिक इकोनॉमिक को-ऑपरेशन समिट के लिए अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में मौजूद थे।

इस दौरान अमेरिका-चीन बिजनेस काउंसिल के एक डिनर में उन्होंने ये बात कही। जिनपिंग ने आगे कहा- चीन चाहे विकास के किसी भी स्तर तक पहुंचे, हम कभी भी कहीं पर कब्जे की कोशिश नहीं करेंगे। हम कभी भी दूसरों पर अपनी मर्जी नहीं थोपेंगे। चीन अपना दबदबा नहीं



बढ़ाना चाहता है और हम किसी के साथ जंग नहीं लड़ेंगे।

### चीन के राष्ट्रपति बोले- अमेरिका की तरक्की से खुशी होगी

अमेरिका-चीन के रिश्तों पर बात करते हुए शी ने कहा- दुनिया को जरूरत है कि चीन और अमेरिका मिलकर काम करें। हमें किसी खतरे के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। अपने फायदे और चीन के नुकसान के लिए काम करना गलत है।

जिनपिंग ने ये विश्वास दिलाने की कोशिश की कि चाहे दुनिया में कोई भी बदलाव आए, लेकिन अमेरिका-चीन के बीच शांतिपूर्ण रिश्ते कभी नहीं बदलेंगे।

जिनपिंग ने बिजनेस काउंसिल से आगे कहा- चीन कभी अमेरिका के खिलाफ काम नहीं करता है। हमारा मकसद अमेरिका को चुनौती देना या उसकी जगह लेना नहीं है। हमें एक ऐसे अमेरिका को देखकर बेहद खुशी होगी, जिसमें आत्मविश्वास है और जो लगातार विकास कर रहा है। इसी तरह अमेरिका को भी चीन के अंदरूनी मानलों में दखल नहीं देना चाहिए। हमें मिलकर एक शांति, स्थिर और समृद्ध चीन का स्वागत करना होगा।

### इराक में अर्धसैनिक बल के सदस्य, तीन आईएस आतंकवादी मारे गये

बगदाद। इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर इलाके में गुरुवार शाम सरकार समर्थित अर्धसैनिक बल हशद शाबी का एक सदस्य और इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गए। एक सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के कर्नल मोहम्मद अल-दुलैमी ने 'शिन्हुआ' बताया कि हशद शाबी बल ने अनबर प्रांत के पश्चिमी रेगिस्तान में वादी हौरान इलाके में आईएस आतंकवादियों की तलाश के लिए एक अभियान चलाया और आईएस आतंकवादियों के साथ उनकी झड़प हो गयी, जिसमें तीन आईएस आतंकवादी मारे गये। अल-दुलैमी ने कहा कि संघर्ष में हशद शाबी का एक सदस्य भी मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। उन्होंने बताया कि इराकी सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में तलाशी अभियान शुरू किया।

### चीन ने सूडान में संघर्ष विराम का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। एक चीनी दूत ने गुरुवार को सूडान में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र में चीन के उप स्थायी प्रतिनिधि दाई बिंग ने कहा कि चीन सूडान में जारी संघर्ष, नागरिकों की पीड़ा और देश के मानवीय संकट से बहुत दुखी है। संघर्ष के दोनों पक्ष जेद्दा, सऊदी अरब में बातचीत पर लौट आए हैं। चीन का कहना है कि वह इस बात का स्वागत करता है कि पार्टियों ने अपनी मानवीय प्रतिबद्धताओं की पुष्टि की है और आपसी विश्वास बढ़ाने के लिए उपाय करने पर सहमति व्यक्त की है। दाई ने सुरक्षा परिषद को बताया कि चीन मध्यस्थता प्रक्रिया में अफ्रीकी संघ और विकास पर अंतर सरकारी प्राधिकरण की भागीदारी का समर्थन करता है और सऊदी अरब, दक्षिण सूडान, मिस्र और चाड सहित क्षेत्रीय देशों के प्रयासों का स्वागत करता है। दाई ने कहा, सूडान में शांति और स्थिरता बहाल करना सूडानी लोगों और बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आम आकांक्षा है। चीन को पूरी उम्मीद है कि दोनों पक्ष अपने देश और लोगों के हितों को पहले रखेंगे, तत्काल युद्धविराम करेंगे, सामान्य व्यवस्था बहाल करेंगे। अपने देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। सूडान में बिगड़ती मानवीय स्थिति को लेकर चीन ने चिंता जताई है। इसने शरणार्थियों को पर्याप्त सहायता प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानवीय एजेंसियों और पड़ोसी देशों के प्रयासों की सराहना की है।

### मैक्सिकन फोटो जर्नलिस्ट की गोली मारकर हत्या

मेक्सिको सिटी। अमेरिकी शहर एल पासो की सीमा से लगे मैक्सिकन शहर स्यूदाद जुआरेज में अखबार एल हेराल्डो डी जुआरेज के मैक्सिकन फोटो जर्नलिस्ट इस्माइल विलागोमेज़ की हमले के बाद गुरुवार रात गोली लगने से मौत हो गई ।उनके अखबार ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्राइवर के रूप में दूसरी नौकरी करते समय विलागोमेज़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अखबार ने चिहुआहुआ अटॉर्नी जनरल के कार्यालय का हवाला देते हुए कहा कि यह विलागोमेज़ की पत्रकारिता गतिविधियों से संबंधित हो सकता है। एल पासो टाइम्स ने कार्यालय के हवाले से बताया कि पुलिस को गुरुवार सुबह विलागोमेज़ का शव उनकी कार में मिला। मीडिया ने चिहुआहुआ के उत्तरी क्षेत्र के राज्य अभियोजक कार्लोस मैनुअल सालास का भी हवाला देते हुए एक बयान में कहा कि विलागोमेज़ की हत्या ड्राइवर के रूप में काम करने के दौरान की गई होगी। लेकिन वह हत्या के सभी संभावित उद्देश्यों की जांच करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हत्या के तीन संभावित संदिग्धों को गुरुवार शाम तक हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### गोलीबारी में पुलिस अधिकारी की मौत


कैनबरा। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि दूसरा घायल हो गया। एसए पुलिस कमिश्नर ग्रांट स्टीवंस ने मारे गये पुलिस अधिकारी की पहचार शुक्रवार सुबह 53 वर्षीय ब्रेवेट सार्जेंट जेसन डोइग के रूप में की, जो गुरुवार रात ड्यूटी के दौरान मारा गया था। एक व्यक्ति के गुरूवार देर रात अपने सहयोगियों माइकल हचिंसन और रिबका कैस के साथ, विक्टोरिया के साथ लगती साउथ ऑस्ट्रेलिया राज्य की सीमा के पास एडिलेड से 240 किमी दक्षिण-पूर्व में बॉर्डरटाउन के पास एक कुत्ते को गोली मार देने की सूचना पर डोइग अपने साथी के साथ मौके पर गये थे। जब दोनों मौके पर पहुंचते तो उनका सामना 26 वर्षीय हथियारबंद व्यक्ति से हुआ और उसने डोइग को गोली मार दी गई। स्टीवंस ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सहकर्मियों और पैरामेडिक्स ने डोइग को बचाने की काफी कोशिश की लेकिन उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हमले में दूसरे पुलिसकर्मी 59 वर्षीय हचिंसन को भी गोली मारी गई लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर है। हमलावर के गोली चलाने के बाद पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें 26 वर्षीय संदिग्ध को भी गोली लगी और उसे इलाज के लिए एडिलेड ले जाया गया। स्टीवंस ने संवाददाताओं से कहा, यह एक दुखद घटना है जिसका न केवल पुलिस पर बल्कि उन लोगों पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा जो हमारे समुदाय में अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस पर भरोसा करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 'They are brave, study and reliable' Opinions of Senior Military Officers



-Satya Prakash Singh Sr. Vice President. AIYMS




About Ahirs.

Ahirs are one of the finest soldiers in the annals of military history of India. The legends of their great fighting prowess and heroic deeds in battles and wars are known throughout the world. In the two World Wars before independence they showed their martial merit in the fields of Europe, Africa and Asia. Hav. Umrao Singh did what no other soldier has done in the history of Artillery not only in India but throughout the British Commonwealth of nations todate. The recent story of the Battle of Rezang La is too well known to be recounted. The Military historians are unanimous that this was an unparalleled feat in the history of warfare.

The following excerpts from the opinions of some great soldiers and military historians will. I guess. Prove the point.

### EXCELLENT SOLDIERS

They are conscientious and painstaking workers, physically capable of great endurance, of bold and stubborn disposition and owing to their soldierly instincts, eminently adapted to the profession of arms.....

Ahirs make excellent soldiers. Brave, they are manly, without false pride; independent without insolence: reserved in manner but good natured, light hearted.

They are always cheerful and are the sort of people who habitually make the best of things. They are reliable, steady and of uniformly excellent character.... After ten years of experience of them, I emphatically endorse the opinion.....

Ahirs have proved a great success and government would do a good stroke of business in raising more companies in the whole of Indian Army.....

When you come over the names of the martial races of India and think of the

Gorkha, Rajput, Sikh, Brahmin, Dogra, Jat, Pathan and Punjabi Muhammadan, do not forget the Jadubansi Ahir.

Maj. A.H. Bingley (Later Maj. General and Secretary to the Government of India, Army Department)

in the official publication Handbook for recruiting officers for the British Indian Army.

### GEN. THIMAYYA LOVED THEM

Thimayya was posted as second-in- command of the Ahir company. He liked them from the first moment he saw them. They were long, lean, wiry fellows. They walked with a graceful effortless stride: 30-or 40-mile march in the desert was nothing to them. Moreover, they could keep up this pace with only a canteen of water, one onion and a half-dozen dry chapattis (unleavened wheat cakes) daily apicec....

They were simple people. They asked for little. They arose early. Worked hard and were asleep by eight in the evening. Want of discipline among them was almost nonexistent. They, most of all, had within themselves a kind of inner contentment that came from an unquestioning faith in simple but genuine values......

Brig Humphery Evans In Thimayya of India, P.104.

road was still under construction and guns could not be carried to the destination. Any adventure could result in guns, men and all that going into the deep nullah below the road down and our failure to reach the destination meant denial of support cover to our troops. We conference in the dead of the night. The prestige of the Ahirs, he said, was at stake. Yes, It was, said others. And lo and behold! If it was decided to take the guns forward by part push up, wenching and taking the risk. It was to the credit of these brave and sturdy Ahirs that the guns. reached the proposed location in the night itself,

Next morning, the Infantary Brigade Commander came along with Artillery Brigade Commander to our position. They had left their vehicles down below, about, 2 kms away because of bad road. They disclosed that they had thought that the report of our reaching the place was wrong. It was impossible, they had thought, that guns could be moved in those conditions in the night (when they could not afford to move their jeeps in broad day light). They did not know that Ahirs could be trusted to do any difficult task.

Our timely deployment and effective fire support could help our forward posts to beat back the Pakistani attack and cause heavy casualties to them.

# जाने माने कवि, गीतकार और फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने पुस्तक 'दो पलकों की छांव में' का किया विमोचन

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की अंग्रेजी विभाग की पूर्व प्रोफेसर डॉ. हेमा जोशी ने लिखी है पुस्तक

जाने-माने कवि लेखक और गीतकार प्रसून जोशी ने डॉ. हेमा जोशी द्वारा लिखित पुस्तक दो पलकों की छांव में का विमोचन किया। इस पुस्तक में अपने स्वयं के जीवन के एक काल्पनिक विवरण के आधार पर लेखिका डॉ हेमा जोशी ने अपने साहित्यिक स्वभाव को दो भारतीय शहरों,अल्मोडा जहां उनका जन्म हुआ और प्रयागराज जहां उन्होंने अपने बाद के वर्ष बिताए, के प्रति अपने प्यार के साथ जोड़ा है। एक प्रेम कहानी की पृष्ठभूमि पर आधारित, यह किताब डॉ. जोशी के उन दो दुनियाओं के साथ आंतरिक संघर्ष के बारे में है, जिसमें वह रहती थीं – एक रोमांटिक रमणीय परिस्थिति जिसमें वह बड़ी हुईं, दूसरी उनका संघर्ष जो लचीलापन और चरित्र का निर्माण करता है।

पुस्तक विमोचन के मौके पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि प्रसून जोशी ने कहा कि डॉ हेमा जोशी की पुस्तक जब पढ़ते हैं तो इसके चरित्र से जुड़ते चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का प्रकाशन पहले हो जाना चाहिए था। यह धीमी आंच पर पका हुआ लेखन है। इसमें कच्चापन बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के चार-पांच पन्ने पढ़ने पर ही



पता चल जाता है कि लेखन पका हुआ है। इंग्लिश की प्रोफेसर डॉ हेमा जोशी के हिंदी में लेखन पर कहा कि इंग्लिश की नदी में डुबकी लगाई है। लेकिन इनकी अंजुलि हिंदी की है। इस मौके पर पहाड़ को लेकर भी उन्होंने चर्चा की।

पहाड़ की खान-पान से लेकर संस्कारों की बात की। कहा पहाड़ आपको छल नहीं सिखाता है। उन्होंने कहा कि डॉ हेमा जोशी के लेखन में पहाड़ की साफगोई और पहाड़ की पारदर्शिता है। उन्होंने कहा कि डॉ हेमा जोशी जी का साहित्य बांसुरी है। इसके लिए समय निकालना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर हेमा जोशी का व्यक्तित्व ऐसा है कि वह दूसरों के लिए जीती हैं। और जो दूसरों के लिए जीते हैं उनकी रचनाएं बहुत देर में आती हैं।

डॉ हेमा जोशी ने अपनी पुस्तक को लेकर कहा है कि उन्हें इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा खुद अपने अंदर से ही मिली। हालांकि इस पुस्तक को लिखने में उन्हें 10 वर्ष का समय लग गया। उन्होंने इसमें अपनी लव स्टोरी को बयां किया है। पहाड़ की पृष्ठभूमि से होने के नाते प्रयागराज आने पर किस तरह का उन्हें द्वंद झेलना पड़ा। इसके बारे में भी उन्होंने बताया है। उन्होंने बताया है कि उनके दौर का प्रेम कितना मर्यादित था।

इस मौके पर प्रोफेसर एलआर शर्मा ने इसका वर्णन इस प्रकार किया... उन्होंने कहा कि डॉक्टर जोशी बहुत ही दयालु महिला रही हैं। अपने क्लास में बच्चों के साथ उनका जुड़ाव रहता था और जमीन से जुड़ी रही हैं। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की अंग्रेजी विभाग की साहित्यिक परंपरा को उन्होंने अपनी क्रिएटिव राइटिंग से आगे बढ़ाया है।

प्रसिद्ध लेखिका और विश्वविद्यालय में पूर्व सहकर्मी नीलम सरन गौड़ ने उनके लेखन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बगैर सोच के लेखन नहीं किया जा सकता। उनकी पुस्तक में जीवन का दर्शन दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि डॉ हेमा जोशी जी की पुस्तक में प्रेम और उसकी गहराइयां दिखाई देती है। वास्तव में यह उनके जीवन की गाथा है।

वहीं प्रोफेसर हेरम्ब चतुर्वेदी ने डॉक्टर हेमा जोशी की पुस्तक दो पलकों की छांव में को लेकर कहा है कि पुराने अतीत को नए कलेवर में पेश किया गया है। जबकि तारा दत्त शर्मा ने भी डॉक्टर हेमा जोशी से अपनी 40-45 साल पुरानी संबंधों की यादें ताजा की।उन्होंने बताया कि किस तरह से इनका जीवन बेहद सादगी और सहजता से भरा हुआ है। इनमें कोई बनावटीपन नहीं है।उन्होंने बताया कि किस तरह से वह उनके परिवार के अंग बन गए और आज यह पुस्तक सामने आई है उन्हें बेहद खुशी हो रही है। प्रोफेसर अनामिका राय ने डॉ हेमा जोशी के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने पुस्तक में कैरेक्टर के बारे में भी उनसे जानकारी ली। जिस पर डॉक्टर हेमा जोशी ने बहुत ही साफ गोई से बताया कि यह खुद के उनके जीवन अनुभवों पर आधारित पुस्तक है।

पुस्तक विमोचन के इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखिका और विश्वविद्यालय में पूर्व सहकर्मी नीलम सरन गौड़, डॉ हेमा जोशी की बड़ी बहन प्रोफेसर नलिनी पंत के अलावा पारिवारिक और करीबी लोग मौजूद रहे।

## लखनऊ में कमरे में मिला युवती का शव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र में शुक्रवार को बंद कमरे में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण विनीत जायसवाल ने बताया कि आजाद नगर मोहल्ले में क्षेत्रीय लोगों ने एक मकान से उठती दुर्गंध को लेकर पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोला तो भीतर एक महिला का शव मिला। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव में चोट के कोई निशान नहीं है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किये हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है।

## पुलिस अधीक्षक ने दी छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। यातायात माह के तहत एवरग्रीन पब्लिक स्कूल मीरानपुर सक्का में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ओमवीर सिंह ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सुरक्षित यातायात के लिए उन्हें भी अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम में एसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद एवं सीओ सिटी गौरव कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया। यातायात प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने कहा



कि सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है। पुलिस अधीक्षक ने छात्रों से अपील की लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से हमें सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने आगे बताया कि जब किसी परिवार का कमाऊ व्यक्ति ? किसी दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो वह परिवार पूरी तरह से कमजोर हो जाता है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न लगने से हर वर्ष हजारों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में चली जाती है। व्यक्ति के हेलमेट के प्रयोग करने से कई दफा व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में जान बच जाती है। पुलिस अधीक्षक ने छात्रों से अपने परिवार के लोगों से भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए बताने को कहा। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। एवरग्रीन स्कूल पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक का छात्रों ने जोरदार स्वागत किया।

## चित्रगुप्त मंदिर में भव्य झांकी देख भावविभोर हुए लोग

**सोनभद्र।** जनपद के ओबरा नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर अपने ईस्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को कलम की पूजा करने के एक दिन बाद ओबरा के कायस्थ समाज द्वारा भव्य झांकी के साथ जागरण और भण्डारे का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ो की संख्या में कायस्थ परिवार उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्वांचल प्रान्ती युवा उपाध्यक्ष एव सभासद राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में कायस्थ और नगर के बुद्धजीवी वर्ग भी शामिल होकर इस आयोजन को



सफल बनाने में अपना योगदान दिए जिसके लिए हम सभी का आभार प्रकट करते है। वही डॉक्टर अमरनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि श्री चित्रगुप्त भगवान हम सभी कायस्थों के आराध्य देव हैं वह ज्ञान के देवता हैं सभी के कर्मों के आधार पर जीव को दंड या मुक्ति देने में कोई समस्या न हो, इसलिए चित्रगुप्त भगवान हर व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा लिखते है। इस मौके पर शशि कांत श्रीवास्तव, अग्निवेश सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, रक्षित सहाय, शिवम सिन्हा, अनुराग श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रानमती देवी, समाजसेवी रमेश सिंह यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज भाटिया, सभासद अमित गुप्ता, राजू साहनी, अजित कनौजिया, रोहित श्रीवास्तव एवम कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## राजौरी में मुठभेड़ , एक आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने आज सुबह राजौरी के बेहरोट इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़े , तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

## राजस्थान के मान्यवर राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांटेशन ग्रुप का 6वां विश्व कांग्रेस का उद्घाटन किया

जयपुर। इंटरनेशनल लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांटेशन ग्रुप (आईएलडीएलटी) की छठी विश्व कांग्रेस का जयपुर में बड़े उत्साह के साथ शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र मौजूद रहे. उद्घाटन दिवस पर लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांटेशन (एलडीएलटी) के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक चर्चा और विचार-विमर्श किया गया. प्लांटेशन के क्षेत्र में दिग्गज सर्जन इस कार्यक्रम में मौजूद रहे. इस मौके पर लीवर ट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में प्रगति पर प्रकाश डाला गया. यह विचार-विमर्श सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और एलडीएलटी को अधिक सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने के लिए रास्ते तलाशने पर केंद्रित था. इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो एस पी बघेल भी उपस्थित रहे. कहा गया कि एलडीएलटी पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में अधिक लोकप्रिय है। विशेषज्ञों ने भारतीय संदर्भ में एलडीएलटी की लोकप्रियता के पीछे के कारणों का पता लगाया और




बेहतर रोगी परिणामों में सुधार के तरीकों पर विचार किया. साकेत स्थित आईएलडीएलटी ग्रुप कांग्रेस प्रेसिडेंट व मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल साकेत में सेंटर फॉर लीवर एंड बिलियरी साइंसेज (सीएलबीएस) के चेयरमैन डॉक्टर सुभाष गुप्ता ने भारत में लीवर प्रत्यारोपण के भविष्य पर इस आयोजन के संभावित प्रभाव के बारे में आशा व्यक्त की.

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान समृद्ध चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान ने एक परिवर्तनकारी लक्ष्य निर्धारित किया है. कहा कि हम हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मैक्स हेल्थकेयर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लीवर प्रत्यारोपण में अहम भूमिका निभा रहा है. हमने 7-8 वर्षों की अवधि में 2,100 से अधिक सफल लीवर ट्रांसप्लांट किए हैं.

आईएलडीटी ग्रुप के प्रेसिडेंट हिरोटो इगावा ने कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना उनके लिए बहुत अच्छा है और हमारा मानना है कि ये कार्यक्रम निश्चित रूप से भारत में लीवर प्रत्यारोपण की उन्नति में योगदान की दिशा में अगला बड़ा कदम होगा. हमें विश्वास है कि इस मंच से काफी कुछ सीख मिलेगी जो भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगी और आपको इस शानदार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेगी.

वहीं इस मौके पर डॉक्टर डाइटर ब्रोरिंग ने कहा कि हम इस आयोजन में वक्ताओं और अध्यक्षों के रूप में विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञों को इकट्ठा करने के लिए उत्साहित हैं, और हम आशा करते हैं कि ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान भारत में लिविंग डोनर लीवर प्रत्यारोपण के क्षेत्र को और आगे बढ़ाएगा. चेन्नई के रेला अस्पताल के चेयरमैन और डायरेक्टर प्रोफेसर मोहम्मद रेला ने कहा कि इस मंच ने विश्व स्तर पर लीवर प्रत्यारोपण के दिग्गजों को एकजुट किया है, साथ ही 500 से अधिक प्रमुख सर्जन, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट, इंटेंसिविस्ट, ट्रांसप्लांट सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, नर्स और ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर समेत अन्य हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स एक साथ आए हैं. आईएलडीएलटी ग्रुप 2023 की छठी विश्व कांग्रेस के आयोजन सचिव डॉ. जगदीश कृष्णमूर्ति और डॉ. मुकेश कुमार ने कहा, %हम इस परिवर्तनकारी कांग्रेस के आयोजन में सामूहिक प्रयासों की परिणति को देखकर रोमांचित हैं। हमारा मानना है कि यह आयोजन जीवित दाता लीवर प्रत्यारोपण में प्रगति को प्रेरित करेगा, और चिकित्सा प्रगति में एक स्थायी विरासत छोड़ेगा।

## लालकिले पर भारत कला, वास्तुकला और डिजाइन बायनेल 09-15 दिसंबर तक

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार संस्कृति मंत्रालय ने लाल किले पर भारत कला, वास्तुकला और डिजाइन उत्सव 09 से 15 दिसंबर तक आयोजित किए जाने की शुक्रवार को घोषणा की। कला एवं संस्कृति के विस्तृत और वैविध्यपूर्ण फलक को प्रस्तुत करने वाले इस आयोजन को विश्व के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजनों में स्थान दिलाने की सरकार की योजना है।

संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने राष्ट्रीय संग्रहालय में एक संवाददाता सम्मेलन में 'भारत कला, वास्तुकला और डिजाइन बायनेल'-2023 के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कि यह बायनेल पारंपरिक कारीगरों, समकालीन डिजाइनरों, क्यूरेटर और विचारकों सहित विविध रेंज का प्रदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि बायनेल प्राचीन, आधुनिक, समकालीन और तकनीक-संचालित कला, वास्तुकला और डिजाइन तक फैली हमारे देश की कलात्मक विरासत के समृद्ध चित्रपट का उत्सव है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इसका उद्घाटन 8 दिसंबर को किया जाएगा और उस दिन यह अति विशिषट व्यक्तियों के अवलोकन के लिए खुलेगा।

## टायर फटने से डबल डेकर बस पलटी, दर्जनों घायल

**सोनभद्र ।** चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत सलखन में तेज़ रफ़्तार बस का अगला टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस वाराणसी से शक्तिनगर को जा रही थी तभी वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग स्थित सलखन ओवर ब्रिज के पास तेज़ रफ़्तार बस का अगला टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई।व दुर्घटना में किसी के भी जान की हानी नहीं हुई है परंतु बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हो गए हैं। वहीं मौके पर पहुंची चोपन पुलिस द्वारा सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजवाया



गया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह व चोपन पुलिस टीम मौजूद।

## मप्र के मतदाता करें घोटलों, लूट, झूठ की सरकार से मुक्ति के लिए मतदान : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश के मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा है कि राज्य में 18 साल से लूट, झूठ और घोटालों की सरकार है और इससे मुक्ति के लिए बढ़चर कर मतदान में हिस्सा लें। वाड्रा ने अपील करते हुए कहा मध्य प्रदेश के मेरे भाइयों-बहनों। अठारह सालों का कुशासन समाप्त होने वाला है। लूट, झूठ और घोटालों वाली सरकार की विदाई में अपना अमूल्य योगदान दीजिए। भरोसे और गारंटियों वाली सरकार चुनिए।

# एबीवीपी 28 नवंबर से निकालेगी 'हिंदवी स्वराज यात्रा'

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिवाजी राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 28 नवंबर हिंदवी स्वराज यात्रा निकालेगी।

एबीवीपी ने शुक्रवार को आगामी सात से 10 दिसंबर तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान अधिवेशन में भाग ले रहे विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 75 सदस्यीय स्वागत समिति की घोषणा की गयी। स्वागत समिति की अध्यक्ष प्रसिद्ध उद्यमी निर्मल कुमार मिंडा को बनाया गया है, जबकि महामंत्री राजनेता आशीष सूद तथा मंत्री राजीव बब्बर बनाए गए हैं। इस समिति के सदस्य के तौर पर वकील, पत्रकार, शिक्षाविद्, उद्योगपति,राजनेता शामिल हैं। यह स्वागत समिति देशभर से एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर करेगी।

संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया गया कि एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पांच किलोमीटर की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में पूरे देश के दस हजार विद्यार्थी भाग लेंगे। यह यात्रा बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड से शुरू होकर जीटीबी नगर होते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के मौरिस नगर चौक तक जाएगी।

एबीवीपी छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हिंदवी स्वराज यात्रा निकालेगी। यह हिंदवी स्वराज यात्रा महाराज शिवाजी के जन्मस्थली महाराष्ट्र में शिवनेरी सहित, रायगढ़, इंदौर, कानपुर, आगरा, दिल्ली आदि ऐसे स्थानों से गुजरेगी, जिनका शिवाजी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

यह यात्रा 28 नवंबर को महाराष्ट्र के रायगढ़ से शुरू होकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के शिवाजी महाराज के जीवनकाल से जुड़े स्थानों से होते हुए दो हजार किलोमीटर का लंबा सफर तय कर दिल्ली पहुंचेगी। यात्रा के रूट पर पड़ने वाले प्रमुख स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे तथा यात्रा के माध्यम से युवाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े विभिन्न उदात्त पक्षों से अवगत कराया जाएगा।

इस मौके पर श्री मिंडा ने कहा,एबीवीपी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

स्थापना के 75वें वर्ष में एबीवीपी दिल्ली में सात से 10 दिसंबर को राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित कर रही है, जिसमें दस हजार से अधिक युवा शक्ति सम्पूर्ण राष्ट्र से भाग लेगी तथा 15 सौ से अधिक एबीवीपी कार्यकर्ता इस महापर्व को भव्य मूर्त रूप देने में लगेंगे। इस अधिवेशन का यह विशेषता है कि जम्मू-कश्मीर से लेकर अंडमान-निकोबार, पूर्वोत्तर, दक्षिण सहित देश के सभी क्षेत्रों से विद्यार्थी सहभागी होंगे। शिक्षाविद, मीडिया, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, प्राध्यापक, समाज में विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे नागरिकों से मेरी यह अपील है कि राष्ट्र-प्रथम की भावना से काम करने वाली इस छात्रशक्ति के देश की विविधता में एकता के इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें।